2021-22
वार्षिक प्रतिवेदन

गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय
CENTRAL UNIVERSITY OF GUJARAT

गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय
CENTRAL UNIVERSITY OF GUJARAT

Established by an Act of Parliament of India, No. 25 of 2000

www.cug.ac.in

2021-22

वार्षिक प्रतिवेदन

गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय
CENTRAL UNIVERSITY OF GUJARAT

गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय

CENTRAL UNIVERSITY OF GUJARAT

Established by an Act of Parliament of India, No. 25 of 2000

www.cug.ac.in

कुलगीत

परम पावन अति मनभावन यह विश्व ज्ञान का पुंज हमारा।
परम पावन अति मनभावन यह विश्व ज्ञान का पुंज ।।

इसी भूमि से राष्ट्रपिता ने विश्व शांति संदेश दिया
शरीरिक, बौद्धिक, नैतिक विकास को शिक्षा का आदर्श किया
सदाचार को नित संकल्पित सत्य-शिक्षा का पुंज हमारा ।
परम पावन अति मनभावन यह विश्व ज्ञान का पुंज हमारा ।।

भूमि लौह पुरुष की जिससे एकीकृत हुआ भारत महान
चिंतन हेमचन्द्र, दयानंद का, लोथल से हुई सभ्यता महान
साबरमती, नर्मदा से सिंचित सामाजिक ज्ञान का कुंज हमारा ।
परम पावन अति मनभावन यह विश्व ज्ञान का पुंज हमारा।।

द्वारिकाधीश पर गर्व करें हम गीता का जिसने ज्ञान दिया
कर्म, भक्ति और ज्ञान ज्योति से मानव का उत्थान किया
उनके दिव्य दर्शन से प्रेरित कर्म ज्ञान का कुंज हमारा ।
परम पावन अति मनभावन यह विश्व ज्ञान का पुंज हमारा ।।

भाषा, शिक्षा, रसायन, प्रबंधन विविध ज्ञान-विज्ञान समागम
नवाचार से विश्वविद्यालय में जहाँ शोधरत हर जनमन
नयी विधा में शोध व शिक्षण, ज्ञान सृजन का कुंज हमारा ।
परम पावन अति मनभावन यह विश्व ज्ञान का पुंज हमारा ।।

परम पावन अति मनभावन यह विश्व ज्ञान का पुंज हमारा।।

-प्रो. रमा शंकर दूबे (कुलपति)

Hon'ble Visitor of the University

Droupadi Murmu

Hon'ble President of India

माननीय कुलाधिपति महोदय जी की कलम से

गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में, मुझे प्रसन्नता है कि विश्वविद्यालय पूर्ण तत्परता के साथ महामारी की अवधि में ऑनलाइन पद्धति में कार्यशील रहा एवं पूर्व-निर्धारित शैक्षणिक कैलेंडर का पालन करते हुए अपनी सभी शिक्षण एवं परीक्षा गतिविधियों को ऑनलाइन प्रणाली से संचालित किया। मुझे यह जानकर संतोष होता है कि छात्र एवं शिक्षक अब परिसर में पुनः आ गए हैं तथा सक्रियता से ज्ञानान्वेषण में रत हैं। महामारी की अवधि की तथा आपदोत्तर बाधाओं की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए , विश्वविद्यालय ने छात्र संख्या वर्धन, ऑनलाइन, मिश्रित तथा ऑफलाइन मोड में संगोष्ठियों, कार्यशालाओं एवं सम्मेलनों का आयोजन, परीक्षाओं का समय पर संचालन एवं गुणवत्तापरक अनुसंधान सम्पादित करने जैसे विभिन्न कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

विश्वविद्यालय ने गत वर्ष की तुलना में कई नई उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। गत वर्ष की तुलना में प्रवेश की संख्या में वृद्धि महत्त्वपूर्ण है, ध्यातव्य है कि विश्वविद्यालय अभी भी एक अस्थायी परिसर से संचालित होता है तथा इसकी विभिन्न ढाँचागत बाध्यताएँ हैं। 18 जून 2022 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा रखी गई आधारशिला के साथ वडोदरा में निर्माणाधीन विश्वविद्यालय का नवीन स्थायी परिसर, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं एवं वैश्विक मानक के अनुकूल सभी आधारभूत सुविधाओं से युक्त होगा जो भारत एवं विश्व के अधिक से अधिक छात्रों हेतु एक आदर्श स्थल होगा। विश्वविद्यालय में भारत के लगभग सभी राज्यों के छात्र, शिक्षक एवं कर्मचारियों का होना यह दर्शाता है कि संस्था का वातावरण वास्तव में विविधता में एकता के प्रतीक का प्रतिनिधित्व करता है।

यह मेरे लिए हर्ष का विषय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के कार्यान्वयन में विश्वविद्यालय अग्रणी रहा है। एनईपी-2020 की अवधारणा के अनुसार एवं शिक्षा के भारतीय दृष्टिकोण के अनुरूप, छात्रों के समग्र विकास के लिए शैक्षणिक वर्ष 2021-22 से, विश्वविद्यालय अपने सभी स्नातक /स्नातकोत्तर छात्रों के लिए 2 क्रेडिट प्रति सेमेस्टर अनिवार्य पाठ्यक्रम प्रस्तुत कर रहा है। इन पाठ्यक्रमों के शिक्षण, जिसमें भारतीय संस्कृति की महिमा, भारतीय ज्ञान प्रणाली, नैतिकता, मानव मूल्य, जीवन कौशल, जैविक जीवन, व्यक्तित्व विकास, सॉफ्ट स्किल, यौगिक अभ्यास आदि सम्मिलित हैं, छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करेंगे। विश्वविद्यालय ने 21 बहु-विषयक पाठ्यक्रमोंको प्रस्तुत किया है, जिन्हें पूर्णतः पृथक विषयों के छात्रों द्वारा ऐच्छिक विकल्प के रूप में चयनित किया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) की नीतियों के अनुरूप, विश्वविद्यालय ने अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की प्रक्रिया भी प्रारम्भ की है तथा स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

गुजराती भाषा एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के अपने उद्यम में, विश्वविद्यालय ने गुजराती भाषा में एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया है जो छात्रों, शिक्षकों एवं प्रशासनिक कर्मचारियों में अति लोकप्रिय रहा है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित एक उपचारात्मक कोचिंग प्रकोष्ठ , छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सफलतापूर्वक तैयार करता है। अपने नियोजन प्रकोष्ठ के माध्यम से, विश्वविद्यालय ने अपने कई छात्रों को उद्योगों तथा अन्य क्षेत्रों में उत्तम सेवायोजन प्राप्त करने में सहायता की है।

मुझे विश्वास है कि विश्वविद्यालय नवाचार, उद्यमशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से अपने अकादमिक प्रयासों में उत्कृष्टता जारी रखेगा तथा भविष्य के वर्षों में अधिक लाभप्रद एवं प्रभावशाली उपलब्धियाँ प्रदान करेगा.

मैं विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

डॉ . हसमुख अढिया
कुलाधिपति

माननीय कुलपति महोदय की कलम से

स्वस्तिप्रजाभ्यः परिपालयन्तां न्यायेन मार्गेण महीं महीशाः।
गोब्राह्मणेभ्यः शुभमस्तु नित्यं लोकाः समस्ताः सुखिनो भवन्तु॥

गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में मेरी यात्रा को मैं अपने वरिष्ठों एवं परमपिता परमेश्वर का आशीर्वाद समझता हूँ तथा विगत एक वर्ष में विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों एवं प्रगति को उन्हें समर्पित करता हूँ। इस पद पर होना जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव जैसे महत्त्वपूर्ण पर्व को मना रहा है ,मेरे लिए एक सौभाग्य की बात है, विशेषकर जब भारत न केवल अपनी पूर्व उपलब्धियों का जश्न मना रहा है, वरन् अपार संभावनाओं का एक नवीन प्रभात भी विश्व के सम्मुख उपस्थित कर रहा है। विभिन्न भारतीय क्षेत्रों के साथ-साथ विशेषतः भारत के युवाओं की संभावनाओं के साथ इस आशाजनक आंदोलन का भाग होना मेरे लिए विशेष रूप से संतुष्टिदायक है। मुझे गर्व है कि विश्वविद्यालय इन राष्ट्रीय प्रयासों का एक अभिन्न अंग है क्योंकि यह भारत के विभिन्न राज्यों से छात्रों को समाहित करता है अतैव संस्था में सम्पूर्ण भारत का एक सूक्ष्म प्रतिनिधित्व है। मैं सदा एक महान व्यक्ति एवं एक कुशल प्रशासक डॉ. हसमुख अढिया जी को अपने माननीय कुलाधिपति के रूप में पाकर सौभाग्य का अनुभव करता हूँ, जिन्होंने मुझे अपने प्रयासों को मूर्त रूप देने के लिए सतत् एवं अथक मार्गदर्शन किया है।

शैक्षणिक वर्ष 2021-22 में , विश्वविद्यालय ने धीरे-धीरे महामारी से पार पाते हुए ऊर्जावान छात्रों के साथ, जो भविष्य के नेता, वैज्ञानिक और सामाजिक कार्यकर्ता हैं तथा बुनियादी मानवीय मूल्यों के माध्यम से वैश्विक समुदाय को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं , अपनी पूर्ण क्षमता के साथ कार्यारम्भ कर दिया। कक्षाएँ शिक्षण के मिश्रित मोड के साथ प्रारम्भ हुई तथा छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान तथा परस्पर उत्तम संबंध बनाने के अवसर के साथ भौतिक मोड में सीखने के अधिक अवसर प्रदान करते हुए ऑफ़लाइन में स्थानांतरित कर दी गई।

विश्वविद्यालय ने संकाय, छात्रों एवं शिक्षेणत्तर समुदाय के लिए ऑनलाइन, मिश्रित और ऑफलाइन मोड में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं विभिन्न अन्य निकायों के तत्वावधान में कई कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत किये गए। इन विविध प्रकृति के कार्यक्रमों में शिक्षा,लैंगिक जागरूकता, योग एवं मानव कल्याण जैसे विभिन्न विषयों पर गहन विमर्श किये गये जो निश्चित ही देश एवं विश्व को एक नवीन दिशा प्रदान करने का माध्यम बनेंगें।

शैक्षणिक वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 को लागू करने में विश्वविद्यालय द्वारा किया गया एक नवोन्मेषित प्रयास भी दृष्टगम्य हुआ। अनिवार्य 2 क्रेडिट समग्र शिक्षा पाठ्यक्रम एवं अनेक बहु-विषयक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए गए। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से शिक्षार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिकता, मानवीय मूल्यों, पर्यावरण शिक्षा आदि के गौरव को केंद्र बिंदु के रूप में देखते हुए प्रारूपित किया गया।

एनईपी-2020 की परिकल्पनाको पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय ने विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी ने पीएमएमएमएनएमटीटी एवम भारतीय शिक्षण मंडल के सहयोग से 07 जनवरी 2021 को 'नवीन भारत का निर्माण: नई शिक्षा नीति के कार्यान्वियन पर संभावनाएँ एवं परिप्रेक्ष्य' पर एक गोलमेज विमर्श का आयोजन किया। सामाजिक विज्ञान संस्थान द्वारा 'विश्वविद्यालय का विचार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022' पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। मुझे यह जानकर प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के सन्दर्भ में जागरूकता सृजित करने एवं इसके सफल कार्यान्वियन हेतु ऐसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

एक भारत श्रेष्ठ भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना, उन्नत भारत अभियान, गाँव एवं विद्यालय अंगीकृत करने का कार्यक्रम एवं स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का एकमात्र उद्देश्य प्रशासनिक एवं शैक्षिक भारत को ग्रामीण भारत से जोड़ना था। प्रशासन और अकादमिक समुदाय के संयुक्त प्रयासों से विश्वविद्यालय को जो सम्मान प्राप्त हुआ है वह सराहनीय है।

विश्वविद्यालय अपने अकादमिक गौरव और एक बड़े वैश्विक अनुसंधान समुदाय के भीतर प्रसार की प्रथाओं के माध्यम से खुद को बनाए रखता है। मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि विश्वविद्यालय ने अपने प्रकाशनों यथा प्रतिष्ठित प्रकाशकों के साथ पुस्तकों, उच्च प्रभाव कारक पत्रिकाओं में लेखों के अतिरिक्त पत्रिकाओं, पुस्तक अध्यायों आदि में प्रकाशन के माध्यम से सही दिशा में अग्रसर है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों के प्रकाशनों की संख्या एवं गुणवत्ता में इस हेतु उनके द्वारा कृत प्रयास की छाया प्रतिबिंबित होती है। विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान के माध्यम से उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता की दिशा में उद्यत होना एवं साथ ही इसे समाज कल्याण के साथ अनुकूलतम से संतुलित करने का प्रयास निसंदेह हर्ष एवं गौरव का विषय है।

यह मेरे लिए सुखद समाचार है कि है कि विश्वविद्यालय ने छात्रों हेतु करियर पथ तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। छात्रों को उनके लिए उपलब्ध विभिन्न वृत्ति विकल्पों को समझने में सहायता के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न कार्यशालाओं और वार्ताओं का आयोजन किया गया। मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि कई छात्रों को उनके स्वप्नानुरूप नियोजन प्राप्त हुआ जबकि कुछ अन्य ने स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया। यह गर्व की बात है कि उल्लेखनीय संख्या में छात्रों को प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में उच्चतर शिक्षा एवं शोध कार्यक्रमों के लिए नामांकित भी किया गया है।

मैं समस्त विश्वविद्यालय परिवार को उनकी इस उपलब्धियों हेतु बधाई देता हूँ।

प्रो. रमाशंकर दुबे
कुलपति

कुलसचिव महोदय की कलम से

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रशासन, संकायों, कर्मचारियों एवं छात्रों की सामूहिक आकांक्षाओं तथा प्रयासों का प्रतिनिधित्व करती है। सभी हितधारकों का योगदान विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण को पूर्णता प्रदान करता है। छात्रों के बहुआयामी विकास और समग्र विकास में योगदान करने के लिए विश्वविद्यालय का एक दूरदर्शी ध्येय है। मुझे विश्वास है कि विश्वविद्यालय के समर्पित शिक्षकों एवं दूरदर्शी शीर्ष प्रशासनिक नेतृत्व के मार्गदर्शन में प्रेरणापद छात्र इस विश्वविद्यालय को देश में उच्च शिक्षा की विद्यत मण्डली में एक प्रतिष्ठित एवं उल्लेखनीय स्थान प्रदान कराने में अमूल्य भूमिका का निर्वहन करेंगे।

विश्वविद्यालय विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पाठ्यचर्या एवम पाठ्येतर गतिविधियों का आयोजन करके विकास के सभी फलकों में उत्कृष्टता स्थापन हेतु प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नवीन सूत्रपात किया है तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

मैं कामना करता हूँ कि विश्वविद्यालय आने वाले दिनों में सफलता एवं उपलब्धि की नवीन ऊँचाइयों को प्राप्त करने में सक्षम हो।

प्रो. एच.बी. पटेल
कुलसचिव (कार्यवाहक)

विषय सूची

विश्वविद्यालय का कुलगीत	
संदेश	
आदरणीय कुलाधिपति का संदेश	
आदरणीय कुलपति का संदेश	
कुलसचिव का संदेश	
गतिविधियों की सूची	
विश्वविद्यालय का परिचय	1
विश्वविद्यालय प्रदत्त सुविधाएँ	6
केंद्रीय पुस्तकालय	10
विश्वविद्यालय निकाय- कोर्ट	20
कार्यकारी परिषद्	22
अकादमिक परिषद्	24
अधिष्ठाता एवं अध्यक्ष/समन्वयक	28
विश्वविद्यालयी कार्यालयी कार्यकर्ता	29
विश्वविद्यालयी समितियाँ	34
वित्त एवं लेखा	50
प्रमुख झलकियाँ 2021-2022	63
संस्थान एवं केंद्र	87
अनुप्रयुक्त पदार्थ विज्ञान संस्थान	89
रसायन विज्ञान संस्थान	94
शिक्षा संस्थान	102
पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान	110
अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	121
अंतरराष्ट्रीय राजनीति केंद्र	121
भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान	128
चीनी भाषा एवं संस्कृति केंद्र	128

तुलनात्मक साहित्य एवं अनुवाद अध्ययन केंद्र	131
अंग्रेजी अध्ययन केंद्र	134
जर्मन अध्ययन केंद्र	136
गुजराती भाषा एवं साहित्य केंद्र	137
हिंदी भाषा एवं साहित्य केंद्र	144
सिंधी भाषा एवं साहित्य केंद्र	149
पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान	150
जीवन विज्ञान संस्थान	157
नैनो विज्ञान संस्थान	162
राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान	168
सुरक्षा अध्ययन केंद्र	169
सामाजिक विज्ञान संस्थान	178
अर्थशास्त्र एवं योजना अध्ययन केंद्र	178
गांधीवादी विचार एवं शांति अध्ययन केंद्र	184
विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अभिवन नीति अध्ययन केंद्र	188
सामाजिक प्रबंधन अध्ययन केंद्र	194
समाज एवं विकास अध्ययन केंद्र	198
विशेष केंद्र	
डायस्पोरा अध्ययन केंद्र	201
परिशिष्ट	213
स्मृतियाँ 2021-22	231

गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय

परिचय:

गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2009 में संसद के अधिनियम द्वारा की गई थी। इस विश्वविद्यालय का अधिकारक्षेत्र संपूर्ण गुजरात में विस्तारित है। विश्वविद्यालय गुजरात और देश के युवाओं की अकादमिक, बौद्धिक और संव्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मानव सेवाएँ प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त यह विश्वविद्यालय आवश्यक मानव संसाधनों को निर्मित करने एवं इनकी सेवाएँ उपलब्ध कराने में अपनी क्षमता के माध्यम से जरूरी सहयोग देता है जिससे भारत को जीवंत ज्ञान समाज के रूप में निर्मित किया जा सके।

सिद्धांत:

विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य छात्रों को समाज और उद्योग अंतरफलक के माध्यम से ज्ञान व रोजगार हेतु एक वैश्विक मंच प्रदान करना है।

लक्ष्य:

विश्वविद्यालय (सीयूजी) का लक्ष्य गुणवत्ता युक्त शिक्षा तक छात्रों को पहुँच प्रदान करना और उभरते हुए नवाचारों और तकनीकी चुनौतियों, अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं और वैचारिक स्तर पर छात्रों को प्रभावी ढंग से संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करना है और छात्रों को इसके लिए अवसर प्रदान करना है। विश्वविद्यालय (सीयूजी) देश के लिए ज्ञान, धन और समृद्धि के निर्माण के साथ-साथ मानव जाति की शांति और समृद्धि के लिए उद्यमशीलता और शैक्षिक क्षमताओं के विकास के महत्त्व को उजागर करने के प्रति भी जागरूक है।

दृष्टिकोण:

विश्वविद्यालय का मुख्य दृष्टिकोण सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ एक उत्कृष्ट केंद्र के रूप में आधुनिक, वैज्ञानिक, तकनीकी ज्ञान व कौशल को एक साथ जोड़ते हुए बुनियादी मानव व्यवहार एवं आचार के मूल्यों के मानक के रूप में स्वयं को स्थापित करना है। यह विश्वविद्यालय शिक्षण, अनुसंधान एवं व्यक्तिगत विकास के स्तर पर मानक निर्मित करने की दिशा में सदैव सक्रिय रहता है। मानव संसाधन के विकास हेतु ज़िम्मेदारी की भावना से युक्त समाज, देश व दुनिया के बड़े पैमाने पर मानव संसाधन को निर्मित करने की दिशा में यह विश्वविद्यालय सक्रिय है।

उद्देश्य:

- शिक्षण की विभिन्न शाखाओं में निर्देशक और अनुसंधान सुविधाओं को प्रदान करके ज्ञान का प्रसार एवं विस्तार करना।
- शैक्षणिक कार्यक्रमों में मानविकी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत पाठ्यक्रमों के लिए विशेष प्रावधान निर्मित करना।
- अध्ययन-अध्यापन विधियों और अंत:विषय प्रशिक्षण एवं अनुसंधान में नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए उचित उपाय करना।
- देश के विकास हेतु मानव संसाधन को शिक्षित करना और जरूरी प्रशिक्षण देना।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति को बढ़ावा देने हेतु अकादमिक उद्योग साझेदारी की स्थापना करना।
- विशेष रूप से बौद्धिक, अकादमिक और सांस्कृतिक विकास से संबंधित भारत के लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों में सुधार हेतु विशेष ध्यान देना।
- बौद्धिक, अकादमिक और सांस्कृतिक विकास के माध्यम से लोगों की सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार सुनिश्चित करना।

अकादमिक संरचना और पाठ्यक्रम पहलू :

गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत वर्तमान में कुल आठ संस्थान और दो स्वतंत्र केंद्र संचालित हो रहे हैं। इन संस्थानों के अंतर्गत कुल तेरह केंद्र शामिल हैं। ये केंद्र भाषा, मानविकी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान के विषयों से एवं बहुआयामी विषयों से संबंधित हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय में तीन एकीकृत स्नातकोत्तर कार्यक्रम, एम. फिल. पीएच. डी. एकीकृत कार्यक्रम और चौदह स्टैंड अलोन (एकमात्र रूप में संचालित होने वाले) कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कुछ संस्थानों द्वारा पीएच. डी. में सीधे प्रवेश की भी सुविधा प्रदान की जाती है। यह विश्वविद्यालय शिक्षण, अनुसंधान और व्यापक गतिविधियों में उत्कृष्टता को बढ़ाने हेतु ठोस प्रयास कर रहा है।

अकादमिक कार्यक्रमों की पाठ्यक्रम सामग्री को हितधारकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एवं इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए बहुत विस्तार से निर्मित किया गया है, ताकि इन्हें एक विस्तृत क्षितिज प्रदान किया जा सके। प्रत्येक पाठ्यक्रम की संरचना में आईसीटी युक्त अभिनव अध्ययन और अध्यापन, प्रयोगशाला प्रयोग (जहां आवश्यक हो), प्रस्तुतियां, संगोष्ठी कक्ष, अध्यादेश, स्वाध्याय और शोध प्रबंध लेखन आदि शामिल है। प्रौद्यौगिकी, उद्योग और ज्ञान प्रदान करने व इसे संचालित करने के तरीकों को विकसित करने की दिशा में यह विश्वविद्यालय निरंतर प्रयासरत है।

अध्ययन की बदलती प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों को संशोधित किए जाने के प्रयास लगातार किए जाते रहते हैं। पाठ्यक्रम सामग्री को अद्यतन एवं नवीनतम बनाए रखने का कार्य संबंधित केंद्रों और संस्थाओं के अध्ययन मंडलों द्वारा देश भर के प्रमुख शैक्षणिक और वैज्ञानिक संस्थानों के विशिष्ट बाहरी सदस्यों के सुझावों के द्वारा किया जाता रहा है। इस प्रयास का उद्देश्य विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किए गए पाठ्यक्रमों में गुणवत्ता का विस्तार और छात्रों को लाभ प्रदान करना है। इस तरह का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के संदर्भ में रोजगार उपलब्ध कराने, सामाजिक और आर्थिक प्रासंगिकता को बढ़ाने एवं स्नातकों को वैश्विक स्तर पर सक्षम बनाने का काम करता है।

विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के बाद ही विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली योजना की शुरूआत कर दी थी। इसे शुरू करने के बाद संस्थानों और केंद्रों में मूल अनिवार्य, मूल वैकल्पिक और आधारभूत पाठ्यक्रम के रूप में पाठ्यक्रमों में अंतर-अनुशासनात्मक और अन्तःअनुशासनात्मक विषयों के चुनाव के पर्याप्त अवसर प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पाठ्यक्रमों में वांछित अकादमिक सुनम्यता भी शामिल की गई है।

पाठ्यक्रम संरचना व सामग्री से संबंधित छात्रों की प्रतिक्रियाओं को पूरा करने हेतु विश्वविद्यालय ने एक औपचारिक तंत्र की स्थापना की है। छात्रों से प्राप्त प्रतिक्रिया, विश्लेषण व बाह्य विशेषज्ञों के अवलोकन व सुझाव द्वारा पाठ्यक्रम और अध्यापन प्रक्रिया को परिष्कृत, संशोधित एवं अद्यतन करने हेतु ठोस आधार प्राप्त होता है।

विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के दस्तावेजों में उद्धृत उद्देश्यों एवं दायित्वों के अनुरूप पाठ्यक्रमों को संचालित करता है। आंतरिक सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक प्रबंधन, नवाचार नीति, सामाजिक इंजीनियरिंग, डायस्पोरा/प्रवासी भारतीय अध्ययन, कैंसर जीव विज्ञान, संगणकीय रसायन शास्त्र, भौतिक विज्ञान, नैनो विज्ञान, औद्योगिक रसायन शास्त्र, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संधारणीयता जैसे विषयों पर शोध कार्य विश्वविद्यालय द्वारा कराए जाते हैं। पाठ्यक्रम और शोध कार्य विश्वविद्यालय को अभिनव बढ़त प्रदान करते हैं। नए एवं अल्पविकसित शैक्षणिक क्षेत्रों में काम करते हुए यह विश्वविद्यालय बदलती आवश्यकताओं की कमी को दूर करने और भारतीय समाज की जरूरी प्राथमिकताओं को पूरा करने के दृष्टिकोण को अपनाते हुए पाठ्यक्रमों को नियमित स्तर पर अद्यतन और उन्नत करता रहता है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अनुमोदन के साथ विश्वविद्यालय ने प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और दूरस्थ संवेदन, प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और व्यक्तित्व विकास जैसे संस्थानों के तहत कई संव्यावसायिक और अनुप्रयुक्त पाठ्यक्रमों को शुरू करने का प्रस्ताव पारित किया है।

अध्यापन- अध्ययन और मूल्यांकन:

विश्वविद्यालय अकादमिक और मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता का पालन करता है। यहां पढ़ाए जाने वाले सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाता है। विश्वविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले सभी कार्यक्रमों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय सभी नव स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में से पहला

विश्वविद्यालय है जो ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आयोजित करवाता है। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी केंद्रीय प्रवेश समिति द्वारा की जाती है। इस समिति में परीक्षा नियंत्रक, संस्थानों के अधिष्ठाता, विभिन्न संस्थानों के संकाय सदस्य और एससी, एसटी, ओबीसी, महिला एवं अल्पसंख्यक श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रत्येक वर्ग से एक सदस्य शामिल रहते हैं। आकदमिक छमाही के प्रारंभ में विश्वविद्यालय द्वारा अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिनमें नए छात्रों को विश्वविद्यालय के बारे में बताने, उनके द्वारा चयन किए जाने वाले पाठ्यक्रम की विशेषताओं और इसकी अवधि पूर्ण होने के पश्चात् छात्रों को प्राप्त होने वाले अवसर की जानकारी दी जाती है।

अकादमिक कैलेंडर का पालन सभी संस्थानों द्वारा किया जाता है। अध्यापन की प्रक्रिया को छात्र केंद्रित बनाने हेतु सभी तरह के संभव उपाय सुनिश्चित किए जाते हैं। अधिकांश अध्ययन-अध्यापन पद्धतियां आईसीटी (ICT) आधारित हैं। निर्बाध अध्ययन हेतु लैन (LAN) कनेक्टिविटी, ई लर्निंग के माध्यम से सभी सुविधाएं छात्रों को आसान रूप में उपलब्ध होती हैं। संकाय सदस्य शिक्षार्थियों के बीच रचनात्मकता को भी बढ़ावा देते हैं।

शिक्षकों को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि वे प्रतिष्ठित शिक्षाविदों के साथ बातचीत करने में सक्षम बन सकें।

विश्वविद्यालय केंद्र/संस्थान स्तर पर छमाही के अंत में बाह्य मूल्यांकन पद्धति से छात्रों की प्रगति का मूल्यांकन पारदर्शी और मानक परीक्षा प्रणाली द्वारा किया जाता है। छात्रों के मूल्यांकन हेतु यूजीसी के दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है।

अनुसंधान और विस्तार:

अनुसंधान विश्वविद्यालय का मुख्य विषय है। कई संस्थान और केंद्र अंतःअनुशासनिक शोध कार्यक्रम संचालित करते हैं। विश्वविद्यालय में उपलब्ध अनुसंधान आधारभूत संरचना पश्चिमी भारत के बाकी विश्वविद्यालयों की तुलना में बेहतर व श्रेष्ठ है। इसे सेंट्रल इंस्ट्रुमेंटेशन के रूप में जाना जाता है। इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया गया है। यह विश्वविद्यालय विज्ञान विषय के सीमावर्ती क्षेत्रों में अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अत्यधिक सक्रिय है। यह एक्सआरडी (XRD), एनएमआर (NMR) और एमएलडीआई, टीओएफ़ (MALDI - TOF) जैसे क्रोमेटोग्राफी, स्पेक्टरोस्कोपी और माइक्रोस्कोपी युक्त उपकरणों की विस्तृत श्रृंखला की सुविधा छात्रों को प्रदान की गई है। उपकरणों की उपलब्धता न केवल विश्वविद्यालय की छवि को सकारात्मक बनाती है बल्कि शोधकर्ताओं को चुनौतीपूर्ण शोध उद्देश्यों का पता लगाने की दिशा में भी प्रोत्साहित करती है। सी आई एफ (CIF) जीवन विज्ञान, रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान और नैनो विज्ञान में शोध को सुविधाजनक बनाने में सहायता प्रदान करता है। इसमें अनुप्रयुक्त पदार्थ विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान और सुदूर संवेदन तकनीकी जैसे विज्ञान की कई अन्य शाखाओं को सुविधाजनक बनाने की क्षमता है जिन्हें निकट भविष्य में प्रस्तावित किया जा सकता है। रसायन विज्ञान संस्थान, जीवन विज्ञान संस्थान, पर्यावरण विज्ञान, सतत विकास संस्थान, नैनो विज्ञान संस्थान आदि के द्वारा उच्च स्तरीय प्रयोगशालाओं में उन्नत स्तर के वैज्ञानिक अनुसंधान निष्पादित किए गए हैं। साथ ही, इन संस्थानों ने परिष्कृत एवं उन्नत उपकरणयुक्त राष्ट्रीय प्रतिष्ठित केंद्र के रूप में ख्याति प्राप्त की है।

इसके अतिरिक्त, संस्थानों और विशेष केंद्रों में उन्नत अध्ययन और अनुसंधान समिति (CASR) की स्थापना की गई है। इस समिति में सभी संस्थानों के अधिष्ठाता या केंद्र के अध्यक्ष सहित योग्य पर्यवेक्षक शामिल होते हैं। यह विश्वविद्यालय में प्रस्तुत एम. फिल. और पीएच. डी. शोध की योजना, निरीक्षण और मूल्यांकन आदि का कार्य करती है। CASR एम. फिल. और पीएच. डी. संबंधी मामलों, जैसे कि पीएच. डी. के शोध प्रस्तावों की स्वीकृति, शोध निर्देशक की मंजूरी और शोध प्रबंध या शोध ग्रंथ के शीर्षक की पुष्टि आदि कार्यों के लिए उत्तरदायी है।

विश्वविद्यालय ने अनुसंधान योजनाओं के सुचारू रूप से कार्यान्वयन हेतु सभी तरह की परियोजना से संबंधित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक स्वतंत्र परियोजना प्रकोष्ठ गठित किया है। इस प्रकोष्ठ के उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- विभिन्न विषयों में शोध प्रस्ताव को प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहित करना एवं उचित सहयोग करना।
- जांचकर्ताओं द्वारा किए गए निर्गमन/ खरीद संबंधी प्रक्रियाओं को आसान बनाना

- शोधकर्ताओं द्वारा अनुसंधान पहल को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के संस्थानों एवं केंद्रों के बीच बाह्य खर्च//उपरिव्यय की साझेदारी को सही रूप से क्रियान्वित करना।
- अनुदान का समयानुसार वितरण सुनिश्चित करना।
- वित्त पोषण प्राधिकरणों को समयानुसार लेखा परीक्षा और उपयोगी प्रमाण पत्रों के जमा होने का कार्य देखना।

ज्ञान और विस्तार को साझा करने के संदर्भ में सहायक आचार्यों को विश्वविद्यालय संपत्ति का महत्त्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। इसलिए विश्वविद्यालय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विभिन्न संस्थानों और विश्वविद्यालयों के सहायक संकाय सदस्यों को आमंत्रित करता है। ये संकाय सदस्य विश्वविद्यालय में संचालित एम फिल एवं पीएच डी शोध कार्यों के लिए संयुक्त शोध पर्यवेक्षक के रूप में सहयोग करते हैं। साथ ही विश्वविद्यालय को मजबूत आधार प्रदान करते हैं। विश्वविद्यालय में सहायक आचार्यों की भागीदारी अंतःविषय अनुसंधान की संस्कृति को बढ़ावा देती है। छात्रों के शोध कार्यों के माध्यम से कई संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों को भी सुविधा प्राप्त होती है।

प्रसारी गतिविधियाँ:

विश्वविद्यालय जन समुदाय तक अपने परिसर की पहुँच सुनिश्चित करने, छात्रवृत्ति सृजन एवं प्रौद्योगिकी उन्नयन हेतु प्रतिबद्ध है। यह विश्वविद्यालय समाज की कुछ विशेष समस्याओं के समाधान का भी प्रयास करता है। हम सभी जानते हैं कि विश्वविद्यालयों को सकारात्मक सामाजिक बदलाव के एक सूचक के रूप में देखा जाता है। उदाहरण के लिए उचित दवाइयों को तैयार करना, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास आदि जैसे पाठ्यक्रमों को जहां एक तरफ लोगों के सामाजिक जीवन और भौतिक गुणों को बेहतर बनाने के संभावित कारक के रूप में देखा जाता है। वहीं दूसरी ओर ये पाठ्यक्रम मानव संसाधन निर्मित करते हैं। इनका उपयोग सामाजिक अभियांत्रिकी को विकसित करने के माध्यम के रूप में देखा जा सकता है। विभिन्न समझौता ज्ञापनों पर विश्वविद्यालय के संगणकीय रसायन समूह एवं अनेक विश्वविद्यालयों की अग्रणी वैज्ञानिक/अनुसंधान प्रयोगशालाओं द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं। इन विश्वविद्यालयों में स्वीडन के के.टी.एच., स्टॉकहोम और उप्सला विश्वविद्यालय, कोलोराडो विश्वविद्यालय शामिल हैं। साथ ही भारत ग्रामीण जीवन शैली फाउंडेशन, उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गांव अंगीकरण कार्यक्रम, विद्यालय अंगीकरण कार्यक्रम, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और बी. वॉक. कार्यक्रम आदि के साथ भी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन पहलों को विश्वविद्यालय की प्रसारी छवि को सुदृढ़ करने के लिए उठाए गए कुछ महत्त्वपूर्ण पहलुओं में से एक के रूप में उद्धृत किया जा सकता है। विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय पाठ्यक्रम विकास परिषद् के साथ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और मौजूदा पाठ्यक्रमों के व्यावसायिकीकरण के संभावित मार्गों के बारे में जानकारी एकत्रित करने हेतु एक चर्चा की शुरुआत की है। विश्वविद्यालय ने गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ गुजरात में व्यापार, वाणिज्य और व्यापार समुदायों को इंटरफेस और ब्लॉक प्लेसमेंट के अवसरों के रूप में हितधारकों शामिल करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। बी वॉक विश्वविद्यालय द्वारा एवं विश्वविद्यालय इंडस्ट्री इंटरफेस प्रकोष्ठ द्वारा शुरू किया गया नया अनुशासन है। दवा निर्माण के उचित दृष्टिकोण आदि कार्यक्रम विशेष रूप से गुजरात क्षेत्र में स्थित औद्योगिक इकाइयों और कई दवा उद्योगों के बीच पहल करने के अवसर छात्रों को प्रदान करते हैं।

विश्वविद्यालय शासन

Honourable President of India (Visitor)

Chancellor

Vice Chancellor

Registrar	Deans
Finance Officer	Centre Chairpersons/Co-ordinators
Controller of Examinations	Faculty

University Authorities and Bodies



विश्वविद्यालय की सुविधाएँ

मूलभूत सुविधाएँ एवं अध्ययन के संसाधन:

विश्वविद्यालय एक ट्रांसिट परिसर के रूप में दो विभिन्न क्षेत्रों में स्थित है। विश्वविद्यालय छात्रों व संकाय सदस्यों को अध्ययन, अनुसंधान और अवसंरचना के स्तर पर प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में किसी भी तरह की कमी नहीं करता। स्थान की कमी को देखा जाए तो विश्वविद्यालय मात्रा के स्थान पर गुणवत्ता एवं प्रसार के स्थान पर गहनता /उत्कटता पर ध्यान केंद्रित करने पर बल देता है। सुसज्जित और पूर्णतः तैयार कक्षाएं, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, आदि विश्वविद्यालय के उद्देश्यों की पूर्ति में योगदान करते हैं और साथ ही अकादमिक एवं वैज्ञानिक उद्यम की भावना विकसित करते हैं।

सक्रिय और केन्द्रित चर्चाओं के लिए विस्तीर्ण कक्षाएं अनुकूल वातावरण प्रदान करती हैं। इन कक्षाओं को व्याख्यानों और प्रस्तुतियों की दृष्टि से तैयार किया गया है। कक्षाएँ एलसीडी प्रोजेक्टर और ऑडियो-विज़ुअल शिक्षण उपयोगी उपकरणों से युक्त हैं। अंग्रेजी में बोलना सिखाने के लिए विशेष सत्रों का आयोजन, नेट-सेट की परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग कक्षाओं का संचालन, आदि किया जाता है। ये सभी सुविधाएँ छात्रों में नेतृत्व भावना, सामूहिकता की भावना और विश्लेषणात्मक कौशल के विकास को बढ़ावा देती हैं।

विश्वविद्यालय परिसर में में 50 से 250 सीटों वाले चार सम्मेलन कक्ष हैं। ये कक्ष सम्मेलनों और अन्य कार्यक्रमों के उपयोग हेतु उपलब्ध कराए जाते हैं। इनके अतिरिक्त दो छोटे संगोष्ठी कक्ष भी हैं जिनका उपयोग छोटे स्तर के अकादमिक कार्यक्रमों हेतु किया जाता है। इन कक्षों में प्रस्तुति के उन्नत उपकरण लगाए गए हैं।

विश्वविद्यालय में 10 से अधिक अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं हैं। छात्र सैद्धान्तिक विषयों के माध्यम से जो कुछ सीखते हैं, उनका प्रयोग व्यावहारिक स्तर पर इन प्रयोगशालाओं में करते हैं।

विश्वविद्यालय के सभी संस्थान व केंद्र बेहद सुरक्षित वर्चुअल निजी नेटवर्क के माध्यम से जुड़े हुए हैं। यहाँ लगे उपकरण 1 जीबीपीएस ब्रॉडबैंड कनेक्शन के माध्यम से जुड़े हैं। विश्वविद्यालय के दोनों ही परिसरों में वाई फाई युक्त अत्याधुनिक कंप्यूटर नेटवर्क सुविधा उपलब्ध है जो पर्याप्त कंप्यूटिंग सुविधाएँ प्रदान करती है। ये नवीनतम कंप्यूटर व्यापक सॉफ्टवेयर, संचार और प्रिंट सेवाओं से युक्त हैं। सीयूजी पूरी तरह से वायरलेस कैंपस है और यहां पर पढ़ाए जाने वाले कई कार्यक्रमों में छात्रों को लैपटॉप की सुविधा भी प्रदान जाती है ताकि वे आवश्यकतानुसार इंटरनेट का उपयोग कर सकें। ये कम्प्यूटर नवीनतम सॉफ्टवेयर से युक्त हैं जिनसे डेटा विश्लेषण, सीएडी, सीएएम, प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों आदि से जुड़े कार्यों को आसानी से किया जा सकता है। इंट्रानेट सुविधा द्वारा कैंपस में संकाय और छात्रों के बीच ऑन-लाइन बातचीत आसान हो गई है और यह व्यवस्था छात्र-अध्यापक सम्बन्धों को सुदृढ़ करने में सहायक है।

विश्वविद्यालय में अतिथि संकाय सदस्य व अन्य अधिकारियों हेतु अतिथि गृह की सुविधा उपलब्ध है। इस उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने तीन बड़े सुसज्जित अपार्टमेंट्स को किराये पर लिया है।

विश्वविद्यालय परिसर की सामान्य आधारभूत संरचनाएँ एवं सुविधाएँ:

विश्वविद्यालय के दो परिसर हैं: सेक्टर 29 परिसर एवं सेक्टर 30 परिसर।

विश्वविद्यालय परिसर सेक्टर 29

इस में विविध प्रकार के कार्यालय और संस्थान स्थित हैं। ये निम्नलिखित हैं:

- प्रशासनिक और वित्त विभाग
- परीक्षा नियंत्रक कार्यालय
- भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान
- सामाजिक विज्ञान संस्थान
- अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान

- पुस्तकालय और सूचना विज्ञान संस्थान
- शिक्षा संस्थान
- अध्ययन कक्ष और महिला कक्ष
- संकाय खंड
- अकादमिक व प्रशासनिक खंड
- संगोष्ठी कक्ष
- वर्चुअल अध्ययन संसाधन केंद्र
- भाषा प्रयोगशाला
- जलपानगृह
- व्यायामशाला
- केनरा बैंक शाखा और एटीएम

विश्वविद्यालय परिसर सेक्टर 30 कैंपस

सेक्टर 30 के परिसर में स्थित विश्वविद्यालयी अकादमिक संस्थान निम्नलिखित हैं:

- जीवन विज्ञान संस्थान
- रसायन विज्ञान संस्थान
- नैनो विज्ञान संस्थान
- पर्यावरण और सतत् विकास संस्थान
- केंद्रीय पुस्तकालय
- योग क्लब
- केंद्रीय उपकरण सुविधा (सीआईएफ़)
- अध्ययन कक्ष और महिला कक्ष
- अकादमिक खंड
- प्रयोगशालाएं
- संकाय खंड
- हरित गृह
- सम्मेलन और बहुद्देशीय कक्ष
- जलपानगृह
- खेल-कूद कक्ष
- स्वास्थ्य और परामर्श सुविधा
- ओपन एयर वाई-फाई स्थल

केंद्रीय उपकरणीकरण सुविधा (सीआईएफ़)

विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। यहां विज्ञान, मानविकी और सामाजिक विज्ञान में उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है एवं इन क्षेत्रों में शोध कार्य हो रहे हैं। उपकरणों की आवश्यकता विविध प्रकार के विषयों में पड़ती है। इन बहु-विषयों के अंतर्गत रसायन विज्ञान, जीवन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, और नैनो विज्ञान आदि के अनुसंधान क्षेत्र आते हैं। इन उपकरणों को केंद्रीय उपकरण सुविधा (सीआईएफ़) के अंतर्गत स्थापित किया गया है।

सीआईएफ़ में उपलब्ध उपकरण:

क्र. सं.	उपकरण	अनुप्रयोग
1.	पाउडर एंड सिंगल क्रिस्टल एक्सआरडी	**क्रिस्टल संरचना विश्लेषण, इकाई कोशिका आयामों का निर्धारण, नमूना शुद्धता का मापन, औसत अनाज आकार निर्धारण, क्रिस्टल दोष आदि का निर्धारन करना।**
2.	एटोमिक एप्जोरप्सन स्पेक्ट्रोफोटोमीटर (ए ए ए स)	**रासायनिक तत्वों का मात्रात्मक निर्धारण आदि।**
3.	एलीमेंटल एनालाइजर (सी एच एन ए स/ओ)	**किसी दिए गए नमूने का कार्बन, हाइड्रोजन और नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, सल्फर तत्व सांद्रता आदि का निर्धारण करना।**
4.	हाई परफ़ोर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (एच पी एल सी)	**मिश्रण के व्यक्तिगत घटकों को पहचानने, परिमाणित करने या शुद्ध करने के लिए उपयोग किया जाता है, आदि।**
5.	गैस क्रोमैटोग्राफी (जी सी)	**कार्बनिक यौगिकों, दवा विश्लेषण, विष विज्ञान आदि का विश्लेषण।**
6.	लिक्विड क्रोमैटोग्राफी/मास स्पेक्ट्रोमेट्री (एल सी/एम सी-क्यू टी ओ एफ़)	**जटिल मिश्रण में यौगिकों की पहचान, प्रोटिओमिक विश्लेषण, विशिष्ट पदार्थों की द्रव्यमान-निर्देशित शुद्धि, आदि।**
7.	फ्यूरियर ट्रांसफॉर्म इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी (एफ़ टी आई आर)	**कार्यात्मक समूहों का निर्धारण, आणविक संरचना, रासायनिक संबंध, आदि।**
8.	ब्रूनौएर एम्मेत्त टेल्लर (बीईटी) सरफेस एरिया एनालायजर	**एक सामग्री के विशिष्ट सतह क्षेत्र की माप के लिए, आदि।**
9.	इंडक्टिवली कपल्ड प्लाजमा ऑप्टिकल एमिसन स्पेक्ट्रोमीटर (आईसीपी ओईएस)	**ट्रेस धातुओं का पता लगाना, आदि।**
10.	इस्पेक्ट्रोस्कोपी एल्लिप्सोमीटर	**पतली फिल्मों के ढंके हुए गुणों का निर्धारण तथा उसकी रचना को चिह्नित करना, खुरदरापन, मोटाई, क्रिस्टलीय प्रकृति, डोपिंग एकाग्रता, विद्युत चालकता, आदि ।**
11.	रेफ्राक्टोमीटर इंडेक्स (आरआई)	**अपवर्तन के सूचकांक की माप के लिए, आदि।**
12.	५०० एमएचज फ्यूरियर ट्रान्स्फ़ोर्म न्यूक्लियर मैगनेटिक रेजोनेन्स (एफ़टी एनएमआर)	**संरचना का निर्धारण, गतिशीलता, प्रतिक्रिया अवस्था, अणुओं का रासायनिक वातावरण, आदि।**
13.	डायनामिक लाइट स्कैटरिंग (डीएलएस)	**प्रोटीन सहित विभिन्न कणों के आकार और जेटा क्षमता का निर्धारण, पॉलिमर, मिसेल्स, कार्बोहाइड्रेट, नैनोकणों, पायस या अणु, आदि का निर्धारण।**
14.	स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (एसईएम)	**सतह आकृति विज्ञान, धातुओं और सामग्रियों की पहचान, पाउडर आकारिकी, कण आकार, और विश्लेषण, आदि की परीक्षा।**

क्र. सं.	उपकरण	अनुप्रयोग
15.	स्कैनिंग इलेक्ट्रोकेमिकल माइक्रोस्कोपी (एसईसीएम)	तरल / ठोस, तरल / गैस और तरल / तरल इंटरफेस आदि के विद्युत रासायनिक व्यवहार को निर्धारित करने के लिए।
16.	एटोमिक फोर्स माइक्रोस्कोपी (एएफ़एम)	सतहों का स्थलाकृतिक लक्षण वर्णन, प्रोटीन-न्यूक्लिक एसिड परिसरों, गुणसूत्रों, सेलुलर झिल्ली, प्रोटीन और पेप्टाइड्स, आदि का अध्ययन करना।
17.	इलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रोस्कोपी फॉर केमिकल अनालिसिस (ईएससीए)	ऑक्सीकरण की स्थिति का निर्धारण, पॉलिमरिक कोटिंग्स की पहचान, सतह के यौगिक की पहचान, कार्बनिक संदूषण की पहचान, तत्त्वों आदि का पता लगाना।
18.	ओजोनोलिसिस	दवा के संश्लेषण में उपयोग किया जाता है, कार्बनिक यौगिकों के निर्माण के लिए ओजोन के साथ एक अल्केन या अल्केनी की दरार आदि के काम आता है।
19.	हाई रिजोल्यूशन ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (एचआर टीईएम)	कणों का आकार और आकारिकी, जाली पैरामीटर, क्रिस्टल समरूपता और अभिविन्यास, आदि।
20.	थर्मो ग्रैविमेट्रिक / डिफ्रेंसियल थर्मल एनालिसिस (टीजी/डीटीए)	थर्मल स्थिरता का निर्धारण, अपघटन के कारण बड़े पैमाने पर नुकसान, ऑक्सीकरण या अस्थिरता का नुकसान, आदि।
21.	जेल परमिसन क्रोमैटोग्राफी (जीपीसी)	बहुपद सूचकांक, आणविक भार आदि का निर्धारण करने के लिए।
22.	पोटैनटियोस्टैट	रिडॉक्स रसायन और अन्य रासायनिक घटनाओं से संबंधित प्रतिक्रिया तंत्र का विश्लेषण आदि के लिए।
23.	यूवी-विजिबल स्पैक्ट्रोमीटर	विभिन्न धातुओं जैसे संक्रमण धातु आयनों, अत्यधिक संयुग्मित कार्बनिक यौगिकों, जैविक मैक्रोमोलेक्यूल्स आदि का निर्धारण करने के लिए।
24.	पोरोजीमीटर	ताकना व्यास, कुल ताकना मात्रा, सतह क्षेत्र, निरपेक्ष घनत्व, आदि का निर्धारण।
25.	पोलोरीमीटर	ऑप्टिकल गतिविधि, अकार्बनिक और कार्बनिक यौगिकों आदि का मापन।
26.	टोटल आर्गेनिक कार्बन (टीओसी)	एक कार्बनिक यौगिक में पाए जाने वाले कार्बन की मात्रा निर्धारित करने और पानी की गुणवत्ता के गैर-विशिष्ट संकेतक के रूप में उपयोग आदि करने के लिए।
27.	*फ्लुरोसेंस एक्टिवेटेड सेल सॉर्टिंग (एफ़एसीएस)*	सेल आकार, साइटोप्लाज्मिक जटिलता, डीएनए या आरएनए सामग्री, झिल्ली-बाध्य और इंट्रासेल्युलर प्रोटीन आदि सहित एकल कोशिकाओं की कई विशेषताओं का तेजी से विश्लेषण करने के लिए।
28.	अल्ट्रा सेंट्रीफ्यूग	डीएनए, आरएनए और लिपोप्रोटीन, आदि जैसे वायरस, ऑर्गेनेल, झिल्ली और बायोमॉलिक्युलस को अलग करने के लिए अवसादन वेग, आकार और द्रव्यमान को निर्धारित करने के लिए।

क्र. सं.	उपकरण	अनुप्रयोग
29.	रियल टाइम पीसीआर (आरटी पीसीआर)	**एक लक्षित डीएनए अणु, मात्रात्मक और अर्ध-मात्रात्मक रूप से अर्थात् डीएनए अणुओं की एक निश्चित मात्रा से ऊपर / नीचे आदि के प्रवर्धन के लिए।**
30.	हाई स्पीड सेंट्रीफ्यूग	**अधिक / छोटे घनत्व के अलग पदार्थ आदि के लिए**
31.	मैट्रिक्स एस्सिस्टेड लेजर डीजोर्प्सन/ आयोनाइजेशन (एमएएलडीआई टीओएफ़)	**प्रोटीन की तीव्र पहचान, पेप्टाइड मास फिंगरप्रिंटिंग, मोलर द्रव्यमान, वितरण, सूक्ष्म जीवों की पहचान आदि के लिए।**
32.	कोंफोकल लेजर स्कैनिंग माइक्रोस्कोपी (सीएलएसएम)	**जीवित कोशिकाओं और ऊतकों आदि की एक विस्तृत स्पेक्ट्रम के रूपात्मक अध्ययन के लिए।**
33.	फ्लुरोंसेंस माइक्रोस्कोपी	**उन नमूनों की कल्पना करने के लिए जो एक अलग रंग के प्रकाश का उत्सर्जन करते हैं और बैक्टीरिया आदि में इंट्रासेल्युलर संकेत का अध्ययन करने के लिए।**
34.	डीएनए सीक्वेंसर	**डीएनए इत्यादि के भीतर न्यूक्लियोटाइड्स का सटीक क्रम निर्धारित करने के लिए।**
35.	फास्ट प्रोटीन लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (एफ़पीएलसी)	**विभिन्न प्रोटीनों का पृथक्करण, प्लास्मिड डीएनए और आरएनए की शुद्धि आदि के लिए।**

आभासी शिक्षण संसाधन केंद्र (वीएलआरसी):

आभासी शिक्षण संसाधन केंद्र (वर्चुअल लर्निंग रिसोर्स सेंटर) एक वेब आधारित सूचना प्राप्ति सेवा है। यह विद्युतीय सूचनाओं को उपलब्ध कराने हेतु गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय पुस्तकालय वेबसाइट से संचालित होता है। यह सभी प्रकार के विद्युतीय सूचनाओं और ई डाटाबेसेस का केंद्र है। इस इंटरफेस के माध्यम से पुस्तकालय ओपीएसी और संदर्भ सामग्री का भी उपयोग किया जाता है। वीएलआरसी छात्रों को इन्टरनेट का उपयोग करने की सुविधा प्रदान करता है। इस सुविधा से छात्र विद्युतीय संसाधनों, ई डाटाबेसेस, शैक्षणिक वीडियो सेवाओं आदि को उपयोग में ला सकते हैं। इसमें जर्मन और चीनी भाषा के अध्ययन हेतु भाषा लैब भी है।

यह पुस्तकालय, पुस्तकालय संचालन और सेवाओं के लिए कोहा सॉफ्टवेयर का उपयोग करता है। परिसंचरण, अधिग्रहण, पत्रिका सदस्यता, कैटलॉगिंग, ऑनलाइन पुस्तक सूची इत्यादि जैसे सभी तरह के पुस्तकालय संचालन संबंधी कार्य इस सॉफ्टवेयर द्वारा प्रबंधित किए जा रहे हैं।

केंद्रीय पुस्तकालय में किताबों की सुरक्षा के लिए आरएफ़आईडी तकनीक के साथ-साथ सेल्फ-चेक-इन और सर्कुलेशन सेक्शन के लिए सेल्फ-चेक-आउट सुविधाएं हैं।

केंद्रीय पुस्तकालय ई-पत्रिकाओं और डाटाबेस के रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेर के माध्यम से परिसर के बाहर (ऑफ-कैम्पस) पहुँच भी प्रदान करता है।

केंद्रीय पुस्तकालय

केंद्रीय पुस्तकालय का परिचय

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी में तीव्र विकास से पुस्तकालय और सूचना सेवाओं में अत्यधिक परिवर्तन आया है। साथ ही, उपयोगकर्ताओं की अपेक्षाओं में भी कई गुना वृद्धि हुई है। पुस्तकालय केवल स्थान मात्र नहीं, बल्कि इससे कहीं अधिक हैं। बदलते

सूचना पैकेजिंग और एक ओर वितरण की विधि तथा दूसरी ओर उपयोगकर्ताओं की अपेक्षाओं में तारतम्य बनाना पुस्तकालय प्रबंधन के लिए एक चुनौती बन गई है। गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय का केंद्रीय पुस्तकालय वर्षों से तारतम्यता बनाने की कोशिश कर रहा है और इसके संरक्षकों//सहायकों की प्रतिक्रिया के अनुसार इस उद्यम में काफी सफल भी रहा है। पिछले वर्षों की तरह, इस वर्ष भी अपनी सेवाओं में नवीनतम सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के संग्रह और कार्यान्वयन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

विश्वविद्यालय परिसर में व्यापक ईथरनेट नेटवर्क के माध्यम से पुस्तकों, ई-बुक्स, पत्रिकाओं, ऑनलाइन डाटाबेस के ग्रंथपरक विवरणों तक पहुँच उपलब्ध है। सीयूजी सेक्टर 29 और सेक्टर 30 परिसर तथा संस्थान/केंद्र एवं कार्यालय इंट्रानेट/इंटरनेट के माध्यम से पुस्तकालय से जुड़े हुए हैं। केंद्रीय पुस्तकालय में विशेष रूप से दृष्टिबाधित छात्रों के लिए ब्रेल सॉफ्टवेयर, कुर्ज़वेल, सारा सीई, जिफी स्कैनर आदि की सुविधा प्रदान की गई है। इस प्रकार, केंद्रीय पुस्तकालय ने विशेष रूप से दृष्टिबाधित छात्रों के लिए अध्ययन केंद्र बनाया है।

सीयूजी पुस्तकालय द्वारा सीयूजी परिवार एवं शोधकर्ताओं के लिए सर्वोत्तम अभ्यास सेवाएं प्रदान की गई हैं ताकि अकादमिक कार्यक्रमों में निर्बाध, लचीली और व्यापक संसाधन खोज की जा सके। वर्तमान में पुस्तकालय द्वारा मुद्रित पुस्तकें, ई-बुक्स और सदस्यता ग्रहण की गईं पत्रिकाएँ खरीदी गईं हैं। इनमें से प्रतिष्ठित की ई-शोध सिंधु: कंसोर्टियम फॉर हायर एजुकेशन इलेक्ट्रॉनिक रिसोर्सेज के माध्यम से सदस्यता ग्रहण की गई है।

यह पुस्तकालय, पुस्तकालय संचालन और सेवाओं के लिए कोहा सॉफ्टवेयर का उपयोग करता है। परिसंचरण, अधिग्रहण, पत्रिका सदस्यता, कैटलॉगिंग, ऑनलाइन पुस्तक सूची इत्यादि जैसे सभी तरह के पुस्तकालय संचालन संबंधी कार्य इस सॉफ्टवेयर द्वारा प्रबंधित किए जा रहे हैं।

केंद्रीय पुस्तकालय में किताबों की सुरक्षा के लिए आरएफ़आईडी तकनीक के साथ-साथ सेल्फ-चेक-इन और सर्कुलेशन सेक्शन के लिए सेल्फ-चेक-आउट सुविधाएं हैं। पुस्तकालय पाठकों के समय के महत्व को समझता है।

केंद्रीय पुस्तकालय पोर्टल और पुस्तकालय ब्लॉग सीयूजी 29 और 30 तक पहुँच को सुगम बनाने के लिए सुदृढ़ किया जा रहा है। वे सभी प्रकाशक जिनके साथ पुस्तकालय संसाधनों की सदस्यता ले रहा है, आईपी पते के एक नए सेट के साथ संचार करेंगे: ताकि आईपी प्रमाणित संसाधन पहुँच को सक्रिय किया जा सके। पुस्तकालय सीयूजी परिसर में उपयोगकर्ताओं को नाम और पासवर्ड डाले बिना संसाधनों तक त्वरित पहुँच प्रदान करेगा। केंद्रीय पुस्तकालय ई-पत्रिकाओं और डाटाबेस के रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेर के माध्यम से परिसर के बाहर (ऑफ-कैम्पस) पहुँच भी प्रदान करता है।

प्रशासन संरचना

1.पुस्तकालय सलाहकार समिति

01	माननीय कुलपति	अध्यक्ष
02	संस्थान के सभी अधिष्ठाता	सदस्य
03	स्वतंत्र केन्द्रों के अध्यक्ष	सदस्य
04	प्रो. दिनेश कुमार, प्रोफेसर, एससीएस	सदस्य
05	प्रो. राजेश मकवाना, प्रोफेसर, सीजीएलएल, एसएलएल और सीएस	सदस्य
06	डॉ. तूलिका त्रिपाठी, सहायक प्रोफेसर, सीएसईपी, एसएसएस	सदस्य
07	डॉ. श्रीश कुमार तिवारी, सहायक प्रोफेसर, सीएसटी, एसएनएसएस	सदस्य
08	डॉ. अरुण विश्वनाथन, एसोसिएट प्रोफेसर, सीएसएस, एसएनएसएस	सदस्य

09	उप कुलसचिव, (अकादमिक)	सदस्य
10	कुलसचिव	पदेन सदस्य
11	परीक्षा नियंत्रक	पदेन सदस्य
12	वित्त अधिकारी	पदेन सदस्य
13	प्रोफेसर (आई/सी), पुस्तकालय	पदेन सदस्य

2. पुस्तकालय पुस्तकें/ई पत्रिकाएँ क्रय समिति

अध्यक्ष: प्रो. भावना पाठक

वित्त अधिकारी: प्रो. संजय कुमार झा

बाह्य सदस्य: डॉ. डी.के. सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष, बीएचयू

बाह्य सदस्य: डॉ. एच. जी. होसामनी, वैज्ञानिक-ई, इनफ्लिबनेट (INFLIBNET) केंद्र

सचिव: डॉ. के.बी. अगडी

3. पुस्तकों, ई-बुक्स, ई-पत्रिकाओं, डेटाबेस का अधिग्रहण (2021-2022)

केंद्र/स्कूलों से अध्यक्षों/डीन के माध्यम से संकाय की सिफारिश के आधार पर मुद्रित पुस्तकें, ई-पुस्तकें, ई-पत्रिकाएँ और डेटाबेस खरीदे गए हैं तथा इनकी सदस्यता ग्रहण की गई है। अनुशंसाओं के अनुसार पुस्तकालय ने लोकप्रिय पत्रिकाओं और विभिन्न पत्रिकाओं की भी सदस्यता ली है।

I. डेटाबेस और सॉफ्टवेयर (2021-22)

क्रम सं.	संसाधन	सीएम आई ई डेटाबेस
01	ई- डेटाबेस	Prowess EPWRF
02	साहित्यिक चोरी-रोधी सॉफ्टवेयर	Turnitin

II .ई-पत्रिकाओं का नवीकरण (2021-22)

क्रम सं.	विषय	शीर्षकों की संख्या	पत्रिकाएँ
1.	रासायन विज्ञान, अनुप्रयुक्त रसायन विज्ञान	49	आरएससी जर्नल ईएसएस
2.	राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान	02	राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन पर ऑक्सफोर्ड रिसर्च इनसाइक्लोपीडिया
3.	सामाजिक विज्ञान संस्थान/मानविकी	730	प्रोजेक्टम्यूज़ ईएसएस
4.	सभी संस्थान	1076	टेलर एंड फ्रांसिस ईएसएस कलेक्शन
5.	सभी संस्थान	908	विले ईएसएस
	कुल	**2765**	

III. ई-बुक्स (2021-2022)

क्रम सं.	विषय	शीर्षकों की संख्या	प्रकाशक का नाम
1	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान	76	एएलए ई-बुक्स
2	रसायन विज्ञान, अनुप्रयुक्त रसायनशास्त्र	1750	आरएससी ई-बुक्स
3	अंतर्राष्ट्रीय संबंध	72	ओयूपी- अंतर्राष्ट्रीय संबंध संग्रह ई-बुक्स
4	भाषा और साहित्य, प्रवासी भारतीय अध्ययन	154	सेज ई-बुक्स
5	एसईएसडी, नैनो विज्ञान, जीवन विज्ञान, रसायन विज्ञान	116	एल्सेवियर पुस्तकें
6	सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी	62	ओरिएंट ब्लैक स्वान
7	पदार्थ विज्ञान	295	स्प्रिंगर नेचर ई-बुक्स
8	एसईएसडी, पुस्तकालय विज्ञान, सामाजिक विज्ञान	441	कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस
9	अंग्रेजी अध्ययन केंद्र	470	ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस
10	जर्मन भाषा पुस्तकालय विज्ञान राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन नैनो विज्ञान	115	टेलर एंड फ्रांसिस
11	एसईएसडी, नैनो प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान	22	विली

4. गतिविधियाँ : केंद्रीय पुस्तकालय

क्रम सं.	कार्यक्रम का नाम	तिथि
01	अनुसंधान संचार पर व्याख्यान श्रृंखला: डॉ शांतनु गांगुली, प्रधान पुस्ताकालयाध्यक्ष, एम्स, नई दिल्ली।	15-06-2021
02	इंटरनेट पर प्रभावी खोज कैसे करें: डॉ. श्याम प्रसाद पुजार, प्रधान पुस्तकालयाध्यक्ष, आईजीआईडीआर, मुंबई।	19-06-2021
03	सूचना साक्षरता में डॉ. एस.आर. रंगनाथन की प्रासंगिकता: प्रो. अजय प्रताप सिंह, महानिदेशक राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन।	12-08-2021

वाई-फाई और आईसीटी सुविधा

विश्वविद्यालय वाई-फाई युक्त है और छात्र विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई व्यक्तिगत आईडी और पासवर्ड के आधार पर इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में एक आभासी शिक्षण संसाधन केंद्र (वर्चुअल लर्निंग रिसोर्स सेंटर) और एक मल्टीमीडिया लैब भी है जो छात्रों को वेब पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार के संसाधनों तक अपनी पहुँच बनाने में सक्षम बनाता है। इसमें पत्रिकाएँ, डेटाबेस और पुस्तकें आदि शामिल हैं। विश्वविद्यालय में गहन भाषा शिक्षण के लिए एक भाषा प्रयोगशाला की सुविधा भी है।

स्वास्थ्य सुविधा

विश्वविद्यालय परिसर से संलग्न सरकारी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है जहां छात्र चिकित्सा सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, सरकारी सिविल अस्पताल विश्वविद्यालय के निकट स्थित है। विश्वविद्यालय में चिकित्सा सलाहकार भी हैं जिनकी सेवाएं छात्रों को रियायती दरों पर उपलब्ध हैं। छात्रों को भी विश्वविद्यालय की दुर्घटना बीमा पॉलिसी के तहत भी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

अध्ययन के साथ धन-अर्जन योजना (अर्न ह्वाइल यू लर्न योजना)

अध्ययन के साथ धन-अर्जन योजना केंद्रीय विश्वविद्यालय की एक अनूठी पहल है जो विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के योग्य छात्रों की सहायता के लिए बनाई गई है। इसमें उन छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है जिन्हें कोई छात्रवृत्ति नहीं मिलती है। इस पहल के अंतर्गत छात्रों को अपनी कक्षा के बाद विश्वविद्यालय साइबर लाइब्रेरी में कई तरह के कार्यों को सौंपा जाता है जिनका निर्वहन वो अपनी आर्थिक सुदृढ़ता हेतु करते हैं।

सीयूजी के पूर्व छात्रों के विषय में

विश्वविद्यालय द्वारा गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ (सीयूजीएए) की स्थापना अधिसूचना संख्या 46/2016-17 दिनांक 09 अगस्त 2016 के तहत की गई है। सीयूजीएए की स्थापना विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ मजबूत और स्थायी संबंध विकसित करने हेतु की गई है। इससे पूर्व छात्रों के बीच बातचीत/परस्पर क्रिया को बढ़ावा मिलेगा और मूल्यवान सामाजिक तथा व्यावसायिक परिणाम होंगे।

इसके अतिरिक्त, सीयूजी पूर्व छात्र प्रकोष्ठ की स्थापना 1 जुलाई 2020 को की गई थी। इसकी स्थापना का उद्देश्य पूर्व छात्र नेटवर्क का सक्रिय निर्माण एवं विश्वभर में इसे प्रवृत्त करना था। साथ ही इस नेटवर्क को सुदृढ़ बनाना और विनिमय व परस्पर क्रिया की जीवंत संस्कृति भी इसके उद्देश्यों में शामिल थीं। गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के 124 पूर्व छात्रों ने इसमें अपना पंजीकरण कराया था।

सीयूजी पूर्व छात्र प्रकोष्ठ के कार्य

- जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में छात्रवृत्ति, नवाचार और उत्कृष्टता में पूर्व छात्रों की उपलब्धियों के माध्यम से विश्वविद्यालय के लिए एक मजबूत समर्थन प्रदान करना।
- पूर्व छात्रों के साथ-साथ भावी छात्रों, वर्तमान छात्रों और युवा पूर्व छात्रों की मदद करने के लिए एक मंच प्रदान करना जो अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने और अपना करियर शुरू करने में मार्गदर्शन चाहते हैं।
- सभी पंजीकृत सदस्यों को विश्वविद्यालय और उसके पूर्व छात्रों के हितों को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करने का अवसर प्रदान करना।

सीयूजी पूर्व छात्र प्रकोष्ठ की गतिविधियाँ:

- नोडल अधिकारियों को संबंधित संस्थान के अधिष्ठाता के द्वारा 12 मई 2021 को पूर्व छात्र प्रकोष्ठ में नामित किया गया था, जहां माननीय कुलपति प्रो. रमा शंकर दुबे और रजिस्ट्रार के साथ एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में NAAC, पूर्व छात्रों के पंजीकरण और उनके योगदान की सुविधा के संदर्भ में पूर्व छात्रों की योजना और समन्वय पर चर्चा की गई थी।

- जिन 61 पूर्व छात्रों ने पूरी फीस जमा कर दी है, उनके लिए सीयूजी एलुमनी आईडी कार्ड तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।
- गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर आर. के. काले द्वारा 26 जून 2021 को विश्वविद्यालय स्तर पर पूर्व छात्र प्रकोष्ठ द्वारा "उच्च शिक्षा में पूर्व छात्रों की भूमिका" पर एक वार्ता का आयोजन किया गया था।

विविध संस्थानों द्वारा संचालित गतिविधियाँ:

a.सामाजिक विज्ञान संस्थान (एसएसएस)

सामाजिक विज्ञान संस्थान के पूर्व छात्रों द्वारा 31 जुलाई 2021 को एक वार्ता आयोजित की गई थी। डॉ. कृति पटेल (सामाजिक उद्यमी संस्थापक, शी एंड वी फाउंडेशन) ने "एक करियर विकल्प के रूप में उद्यमिता- कोविड के बाद" विषय पर अपने विचार साझा किए। श्री अंकित दवे (एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, जीयूएसईसी) ने "डेवलपिंग स्टार्ट अप इकोसिस्टम - छात्रों के लिए यूनिवर्सिटी इंटरफेस" विषय पर बात की।

b.डायस्पोरा अध्ययन केंद्र (सीडीएस)

- डायस्पोरा अध्ययन केंद्र द्वारा 25 सितंबर 2021 को "सर अनिरुद जगन्नाथ - ए लेजेंड ऑफ इंडियन डायस्पोरा" पर एक वार्ता आयोजित की गई थी।

c. पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान (एसईएसडी)

- पर्यावरण और सतत विकास संस्थान (एसईएसडी) द्वारा 27 से 31 जुलाई 2021 तक पर्यावरण विज्ञान के बहु-विषयक दृष्टिकोण पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

d. जीवन विज्ञान संस्थान (एसएलएस)

- SLS के पूर्व छात्रों के प्रतिनिधियों के साथ 27 मई 2021 को ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई।
- जीवन विज्ञान संस्थान के द्वारा 10 जून, 2021 को वर्ष 2014-2016 के विज्ञान स्नातकोत्तर (एमएससी) बैच का ऑनलाइन माध्यम से एक पुनर्मिलन समरोह आयोजित किया गया।

e. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान (एसएलआईएस)'

- एलआईएस छात्रों और पेशेवरों के लिए अनुसंधान के अवसर' विषय पर प्रथम वेबिनार 12 जून 2021 (शनिवार) को सांय 4.00 बजे आयोजित किया गया था। इस वेबिनार में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग में प्रोफेसर डॉ. आदित्य त्रिपाठी और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के केंद्रीय पुस्तकालय में प्रधान पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मनोरमा त्रिपाठी विशेषज्ञों के रूप में शामिल हुए। प्रतिभागियों के रूप में SLIS के पूर्व छात्रों, SLIS के वर्तमान छात्रों और SLIS संकायों ने भाग लिया।
- पूर्व छात्रों द्वारा एसएलआईएस का एसडब्ल्यूओसी विश्लेषण जुलाई 2021 में आयोजित किया गया था।
- अगस्त 2021 माह में एसएलआईएस हेतु पूर्व छात्रों द्वारा पुस्तकालय पोस्टर एकत्रित किए गए थे।
- पुस्तकालय और सूचना विज्ञान संस्थान द्वारा इंटरनेशनल डे ऑफ़ यूनिवर्सल एक्सेस टू इनफार्मेशन-राईट टू नो मनाया गया। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 27 सितंबर को मनाया जाता है। कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण, संस्थान ने 5 अक्टूबर 2021 को एक वेबिनार के माध्यम से यह दिवस मनाया जिसमें पूर्व छात्रों ने भी भाग लिया।

- पुस्तकालय और सूचना विज्ञान संस्थान द्वारा तीन दिवसीय समारोह 25, 26 और 27 अक्टूबर 2021को ओपन एक्सेस वीक के रूप में मनाया गया। इस समारोह में प्रभारी अधिष्ठाता, प्रो. अतनु महापात्रा द्वारा ओपन एक्सेस वेबसाइट का उद्घाटन किया गया और साथ ही हमारे दो शोधार्थियों श्री सगेंद्र सिंह परमार द्वारा 'ओपन एजुकेशन रिसोर्सेज: द स्पेक्ट्रम ऑफ ओपन एक्सेस' विषय पर जागरूकता वार्ता और "ओपन एक्सेस पब्लिशिंग एंड एक्सेसिबिलिटी" विषय पर सुश्री अमरीन ताज द्वारा एक अन्य जागरूकता वार्ता आयोजित की गई। वर्तमान छात्रों के लिए ओपन एक्सेस मूवमेंट विषय पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई और छात्रों तथा संस्थान के पूर्व छात्रों के लिए एक पोस्टर डिजाइनिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कई पूर्व छात्रों ने उद्घाटन और समापन सत्र में भाग लिया और दोनों वक्ताओं के साथ बातचीत की तथा एक पूर्व छात्र द्वारा ओपन एक्सेस विषय पर अपना पोस्टर प्रस्तुत किया गया।

- गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और सूचना विज्ञान संस्थान, गांधीनगर ने 15 से 20 नवंबर 2021 तक राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह 2021 के एक भाग के रूप में एक विशेष व्याख्यान श्रृंखला एनालेक्ट्स @ एसएलआईएस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वर्तमान छात्रों, पूर्व छात्रों और एसएलआईएस के संकाय ने भाग लिया।

- SLIS के पूर्व छात्रों ने दिसंबर 2021 माह के लिए 'कार्पे डायम' शीर्षक से एक कार्यक्रम या गतिविधि का आयोजन किया। इसका उद्देश्य किसी प्रेरक पुस्तक या किसी लेख या किसी ब्लॉग अंश के बारे में पूर्व छात्रों के सुझावों को एकत्र करना था, जिनसे वे प्रभावित हुए हों और उन्होंने महसूस किया हो कि "अभी यह क्षण है, अगर मुझे सफल होना है... तो मुझे इसका अधिकतम लाभ उठाने की जरूरत है"।

- Google मीट पर 2 जनवरी 2022 को शाम 5.00 बजे 'असाइनमेंट एंड बियॉन्ड' शीर्षक से एक वेबिनार का आयोजन किया गया। यह एसएलआईएस के पूर्व छात्रों और वर्तमान छात्रों को जोड़ने का और साथ ही नए छात्रों को उनके शैक्षिक कार्यों के लिए संसाधनों की समझ विकसित करने हेतु एक प्रयास था।

निदानात्मक कोचिंग प्रकोष्ठ

गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के निदानात्मक कोचिंग प्रकोष्ठ ने तर्क, कार्यप्रणाली, सामान्य ज्ञान, व्यक्तित्व विकास, परामर्श, तनाव प्रबंधन, गणितीय क्षमता, योग्यता, मौखिक परीक्षा और वन-टू-वन जैसे विभिन्न पहलुओं/विषयों पर कक्षाएं, शैक्षणिक (ट्यूटोरियल) व्याख्यान/ कक्षाएं आयोजित की गई हैं। इनके अतिरिक्त, प्रकोष्ठ ने यूजीसी-नेट-जेआरएफ/सीएसआईआर कोचिंग कक्षाओं का भी आयोजन किया था। विशेषज्ञों को विश्वविद्यालय से और गुजरात राज्य एवं भारत के अन्य राज्यों के विभिन्न संस्थानों से आमंत्रित किया जाता है। भाषा और संचार कौशल में सुधार हेतु विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। इसके परिणामस्वरूप, कक्षाओं में उपस्थित होने वाले छात्रों को कई सरकारी और निजी नौकरियों में कर्मचारियों के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यहां के छात्र डिग्री कॉलेजों में व्याख्याता, विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं और कई छात्र भारत में अन्य स्थापित विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा, काफी बड़ी संख्या में छात्रों ने यूजीसी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा यूजीसी-जेआरएफ और नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। कई छात्र-छात्राएं विद्यालयों में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रकोष्ठ द्वारा गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, गांधीनगर के कुलपति प्रोफेसर रमा शंकर दुबे के साथ बातचीत-सह-व्यक्तित्व विकास का भी आयोजन किया गया है।

लेखन कौशल संवर्धन कार्यक्रम (डबल्यूएसईपी कार्यक्रम)

लेखन कौशल संवर्धन कार्यक्रम (डब्ल्यूएसईपी) एक व्यापक कार्यक्रम है जो कार्यशालाओं और क्रैश पाठ्यक्रमों के संवादात्मक रूप के माध्यम से बुनियादी भाषा कौशल, अकादमिक लेखन और शोध पत्र लेखन तकनीक विकसित करके छात्रों की लेखन क्षमताओं को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित किया जाता है।

स्थानन प्रकोष्ठ (प्लेसमेंट सेल)

विश्वविद्यालय ने एक स्थानन और प्रशिक्षण सेल की स्थापना की है जो विश्वविद्यालय और संभावित नियोक्ताओं के बीच इंटरफेस के रूप में उत्तरदायी है। विश्वविद्यालय में एक पूरी तरह से सुसज्जित स्थानन/नियोजन कार्यालय और एक स्थानन/नियोजन अधिकारी है। इस प्रकोष्ठ ने शीतकालीन सत्र 2015 से छात्रों को नियोजन प्रदान करना आरंभ कर दिया है। छात्रों को नियोजन प्रदान करने एवं नियोक्ताओं हेतु एक समर्पित वेब पेज भी है। प्रकोष्ठ द्वारा उद्योग में अग्रणी अनुभवी व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यशालाओं और वार्ताओं का आयोजन किए जाता है।

खेल और क्रीड़ा

विश्वविद्यालय शारीरिक गतिविधियों के महत्त्व से अवगत है, इसलिए विश्वविद्यालय में वार्षिक स्तर पर खेल कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। विश्वविद्यालय के वर्तमान परिसर में सीमित स्थान उपलब्ध होने के बावजूद भी परिसर में बुनियादी खेल सुविधाएँ उपलब्ध हैं। परिसर में मल्टी जिम की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय ने खेल सुविधाओं के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई), गांधीनगर के साथ एक करार (टाई-अप) भी किया है।

सांस्कृतिक गतिविधियां

विश्वविद्यालय परिसर के छात्र समुदाय के बीच सांस्कृतिक गतिविधियों को विभिन्न सांस्कृतिक क्लबों के माध्यम से बढ़ावा दिया जाता है। छात्रों को विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

जलपान गृह

विश्वविद्यालय अपने दोनों परिसरों में जलपानगृह की सुविधा प्रदान करता है। यहां पर स्नैक्स, चाय, कॉफी / भोजन (डाइनिंग-इन) आदि उपलब्ध रहते हैं।

परिवहन सुविधा

विश्वविद्यालय के पास दो बसें हैं जो छात्रों और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की मांग पर उपलब्ध कराई गई हैं। ये बसें निर्धारित समय पर छात्रावासों और परिसरों के बीच चलती रहती हैं।

सम्मेलन सुविधा

विश्वविद्यालय में 50 से 200 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाले सम्मेलन कक्ष बने हुए हैं। जिसमें सम्मेलनों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों आदि के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित सुविधाएं उपलब्ध हैं।

नॉन-नेट छात्रवृत्ति

एम॰ फिल॰ एवं पीएच डी॰ में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र यूजीसी नॉन नेट फैलोशिप के अंतर्गत मासिक छात्रवृत्ति पाने के लिए योग्य होते हैं। समय-समय पर विश्वविद्यालय प्रासंगिक वित्तपोषित इकाई के निर्देशानुसार छात्रवृत्ति हेतु संबंधित दिशा निर्देशों का अनुपालन करता है।

एससी/एसटी, अल्पसंख्यक और छात्राओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं

भारत सरकार और यूजीसी द्वारा अधिसूचित और कार्यान्वित कल्याणकारी योजनाओं का विश्वविद्यालय में पालन किया जाता है। साथ ही समय-समय पर घोषित योजनाओं को विश्वविद्यालय में लागू भी किया जाता है।

गुजरात राज्य के छात्र राज्य सरकार एससी / एसटी छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए भी पात्र हैं अर्थात् जो छात्र गुजरात राज्य से हैं उन्हें गुजरात राज्य के एस टी / एस सी छात्रवृत्ति के अंतर्गत योग्य माना जाता है।

छात्रावास सुविधा

छात्रावास आवास, पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए ही बहुत सीमित है। छात्रावास का शुल्क विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार निर्धारित होता है। हालाँकि साझा (शेयरिंग) आधार पर निजी आवास गांधीनगर शहर में उपलब्ध है।

कर्मचारी कल्याण हेतु सीयूजी की सुविधाएं

- प्रवेश परीक्षा और प्रवेश प्रक्रियाओं का पूर्ण-स्वचालन
- परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का स्वचालन
- परिणामों की समय पर घोषणा
- नियमित रूप से प्रत्येक 3 साल में एक बार पाठ्यक्रमों का अद्यतनीकरण
- सभी संस्थानों में CBCS के फॉर्मेट का अनुसरण
- ICT युक्त शिक्षण-अधिगम को सक्षम बनाना
- अंतर्राष्ट्रीय प्रस्तुतियों के लिए छात्रों को वित्तीय सहायता
- चिकित्सा सुविधा और प्रतिपूर्ति - स्व और परिवार
- अस्पताल में भर्ती के दौरान नकद-रहित सुविधा सहित चिकित्सा सहायता के लिए चार प्रमुख अस्पतालों से टाई-अप
- एम्बुलेंस सुविधा
- यात्रा की छूट - स्व और परिवार
- योग क्लब
- नई पेंशन योजना
- करियर उन्नति योजना
- अध्ययन अवकाश
- संकाय सदस्यों के लिए शैक्षणिक भागीदारी के लिए यात्रा अनुदान
- समूह बीमा योजना

छात्र और कर्मचारी शिकायत निवारण

- छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय
- एससी/एसटी संपर्क अधिकारी
- समान अवसर प्रकोष्ठ
- आंतरिक शिकायत समिति

- विशेष आरक्षण प्रकोष्ठ
- ओबीसी संपर्क अधिकारी
- विद्यार्थी परिषद कार्यालय
- शिकायत निवारण समिति

सामान्य अवसंरचना और सुविधाएं

- दृश्य-श्रव्य सहायक उपकरणों से युक्त पर्याप्त कक्षाएं
- आभासी (वर्चुअल) कक्षा
- आधुनिक उपकरणों से युक्त विज्ञान प्रयोगशालाएं
- केंद्रीय उपकरणीकरण सुविधा
- आभासी शिक्षण संसाधन केंद्र (वर्चुअल लर्निंग रिसोर्स सेंटर)
- भाषा प्रयोगशाला
- संगोष्ठी / सम्मेलन कक्ष / संकाय कक्ष
- अल्पाहार गृह
- एटीएम युक्त बैंक
- बस सेवा
- रोगी वाहन
- महिला कक्ष और सामान्य अध्ययन कक्ष
- सुरक्षित पेयजल (आरओ सिस्टम)
- वाई-फाई कनेक्टिविटी और सीसीसी निगरानी
- पायलट परियोजनाओं के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संकाय के लिए अनुसंधान निधि
- यात्रा अनुदान
- प्रकाशन अनुदान

विश्वविद्यालय निकाय

विश्वविद्यालय न्यायालय (कोर्ट)

न्यायालय की संरचना	**मनोनीत/नियुक्त व्यक्ति का नाम**
कुलाधिपति-अध्यक्ष	डॉ॰ हसमुख अढिया
कुलपति	प्रोफ़ेसर रमा शंकर दुबे
उप-कुलपति	रिक्त
कुलसचिव- सचिव सदस्य	प्रोफ़ेसर एच. बी. पटेल
वित्त अधिकारी	प्रोफ़ेसर संजय कुमार झा
परीक्षा नियंत्रक	प्रोफ़ेसर संजीव कुमार दुबे
विश्वविद्यालय पुस्तकलायाध्यक्ष	प्रोफ़ेसर भावना पाठक, अधिष्ठाता, एसईएसडी (01.09.2022 तक की अवशिष्ट अवधि हेतु)
छात्र कल्याण अधिष्ठाता	प्रोफ़ेसर जयेंद्र कुमार अमीन
संस्थान अधिष्ठाता (वरिष्ठता क्रमानुसार)- विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा तीन सदस्यों को मनोनीत किया जाता है।	1. प्रोफ़ेसर संजय कुमार झा, अधिष्ठाता, एसएनएसएस 2. प्रोफ़ेसर मनीष, अधिष्ठाता, एसआईएस (01.09.2022 तक की अवशिष्ट अवधि हेतु) 3. प्रोफ़ेसर भावना पाठक, अधिष्ठाता, एसईएसडी (01.09.2022 तक की अवशिष्ट अवधि हेतु)
केंद्रों के अध्यक्ष (अधिष्ठाताओं के अतिरिक्त) वरिष्ठता क्रमानुसार- विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा तीन सदस्यों को मनोनीत किया जाता है।	1. प्रोफ़ेसर जयेंद्र कुमार अमीन, सीएसआरई, एसओई (01.09.2022 तक की अवशिष्ट अवधि हेतु) 2. डॉ. अरुण विश्वनाथन, सीएसएस, एसएनएसएस (01.09.2022 तक की अवशिष्ट अवधि हेतु) 3. प्रोफ़ेसर अतनु महापात्र, सीडीएस (01.09.2022 तक की अवशिष्ट अवधि हेतु)
विश्वविद्यालय के व्याख्याता (अधिष्ठाता और अध्यक्ष के अतिरिक्त) वरिष्ठता क्रमानुसार- विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा तीन सदस्यों को मनोनीत किया जाता है।	1. प्रोफ़ेसर मान सिंह, एस सी एस (01.09.2022 तक की अवशिष्ट अवधि हेतु) 2. प्रोफेसर आर. वाई. हीरनमई, एसईएसएस 01.09.2022 तक की अवशिष्ट अवधि हेतु) 3. प्रोफेसर पल्लवी शर्मा, एसईएसडी (01.09.2022 तक की अवशिष्ट अवधि हेतु)

न्यायालय की संरचना	मनोनीत/नियुक्त व्यक्ति का नाम
चार सदस्य शिक्षण व्यावसायों को प्रस्तुत करते है। विजिटर्स द्वारा इनको मनोनीत किया जाता है।	1. प्रोफ़ेसर बी॰ एच॰ जाजू, पूर्व अधिष्ठाता, विजिटिंग प्रोफेसर, आईआईएम अहमदाबाद, गुजरात 2. प्रोफ़ेसर संगीता शुक्ला, कुलपति, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर, मध्य प्रदेश 3. प्रोफ़ेसर कैलाश नारायण त्रिपाठी, पूर्व कुलपति, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा, उत्तर प्रदेश 4. प्रोफेसर अरविंद कुमार, प्रोफ़ेसर, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
औद्यौगिक इकाई, श्रम, वाणिज्य, कृषि से संबंधित 4 सदस्य विजिटर्स द्वारा मनोनीत किए जाते हैं।	1. डॉ॰ दक्षेशकुमार आर॰ ठाकर, पूर्व कुलपति, वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय, सूरत, गुजरात 2. डॉ॰ हरीश धनुभाई, डॉक्टर, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, गणित विभाग, वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय, गुजरात 3. डॉ॰ पुष्पा यशवंत गवीत, प्रोफेसर एवं विभाग अधिष्ठाता, (मराठी विभाग) , विद्यावर्धिनी विज्ञान महाविद्यालय, वाणिज्य एवं कला, महाराष्ट्र 4. डॉ॰ प्रशांत योगी, वरिष्ठ पशु चिकित्सा पेशेवर और राष्ट्रीय संयोजक, पशु आरोग्य भारती, महाराष्ट्र
शैक्षणिक कर्मचारियों के प्रतिनिधि- दो (एक संबद्ध व्याख्याता और एक सहायक व्याख्याता) विश्वविद्यालय के नियमित अध्यापकों से चुने जाते हैं।	(रिक्त)
छात्र प्रतिनिधि- छात्र परिषद द्वारा अपने सदस्यों में से ही चुने जाते हैं।	प्रतीक्षित
गैर-शैक्षणिक कर्मचारी प्रतिनिधि- दो- विश्वविद्यालय के नियमित कर्मचारियों द्वारा उनमें से ही किसी को चुना जाता है।	प्रतीक्षित
भूतपूर्व छात्र संगठन प्रतिनिधि- दो- भूतपूर्व छात्र संगठन के सदस्यों द्वारा उनमें से ही किसी को चुना जाता है।	प्रतीक्षित
मनोनीत सदस्यों में से चयनित कार्यकारी परिषद का एक मनोनीत सदस्य	प्रोफेसर शैलेष एन. ज़ाला, पूर्व कुलपति, भावनगर विश्वविद्यालय, गुजरात (01.09.2022 तक की अवशिष्ट अवधि हेतु)

कार्यकारी परिषद्

कार्यकारी परिषद की संरचना	मनोनीत/नियुक्त व्यक्ति का नाम
कुलपति	प्रोफ़ेसर रमा शंकर दुबे, (अध्यक्ष, पदेन)
उप-कुलपति	रिक्त
केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति या विश्वविद्यालय के सेवारत प्रोफेसर ऑफ़ एमिनेन्स, कुलपति की सिफारिश पर कार्यकारी परिषद द्वारा मनोनीत	प्रोफ़ेसर रजनीश कुमार शुक्ल कुलपति महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा ईमेल: vcoffice.mgahv@gmail.com संपर्क : 8888142152
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण	पदेन
पांच संस्थानों के अधिष्ठाता; जिसमें तीन से अधिक लोग नहीं हो सकते, ये वरिष्ठता क्रम के अनुसार, वरिष्ठता क्रम के अनुसार निम्न समूहों में से निर्दिष्ट होंगे; **समूह-I** सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन और मानविकी संकाय **समूह-II** विज्ञान, प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य विज्ञान संकाय	**समूह – 1** 1) प्रोफ़ेसर संजीव कुमार दुबे, अधिष्ठाता एसएलएल और सीएस (29.12.2024 तक) 2) प्रोफ़ेसर जयप्रकाश प्रधान, अधिष्ठाता, एसएसएस (29.12.2024 तक) 3) प्रोफ़ेसर मनीष, अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान (03.03.2024 तक) **समूह– II** 1) प्रोफ़ेसर सीमा रावत, अधिष्ठाता, एसएलएस (29.12.2024 तक) 2) डॉ॰ भावना पाठक, अधिष्ठाता, पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान (03.02.2023 तक)
एक प्रोफेसर, जो किसी संस्थान का अधिष्ठाता न हो उसे वरिष्ठता क्रम के अनुसार रोटेशन प्रक्रिया द्वारा कुलपति द्वारा मनोनीत किया जाता है	प्रोफ़ेसर बालाजी रंगनाथन, तुलनात्मक साहित्य एवं अनुवाद अध्ययन (03.03.2024 तक)
एक एसोसिएट प्रोफेसर, वरिष्ठता के अनुसार रोटेशन द्वारा, कुलपति द्वारा मनोनीत	डॉ. अरुण विश्वनाथन सुरक्षा अध्ययन केंद्र (03.03.2024 तक)
एक सहायक प्रोफेसर, वरिष्ठता के अनुसार रोटेशन द्वारा, कुलपति द्वारा मनोनीत	श्री प्रभात कुमार चीनी अध्ययन केंद्र, (03.02.2023 तक)

कार्यकारी परिषद की संरचना	मनोनीत/नियुक्त व्यक्ति का नाम
गठन के समय, निर्वाचित सदस्यों में से चुने गए न्यायालय के दो सदस्य, इनमें से कोई भी विश्वविद्यालय का कर्मचारी या छात्र न हो और ना ही विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त या संबद्ध किसी भी संस्थान से जुड़ा हुआ हो।	विश्वविद्यालय न्यायालय से प्रतीक्षित
शैक्षणिक जीवन वाले चार विशिष्ट व्यक्ति, विजिटर्स द्वारा मनोनीत	1. डॉ. विमल रमणीकलाल परमार, प्राचार्य, श्री के. पी. शाह लॉ कॉलेज, जामनगर, गुजरात 2. प्रोफेसर शैलेष एन. ज़ाला, पूर्व कुलपति, महाराजा कृष्णकुमार सिंहजी, भावनगर विश्वविद्यालय, गुजरात 3. प्रोफेसर आशा कौल, प्रोफेसर, संचार क्षेत्र, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद 4. प्रो. कामाक्षी अग्निहोत्री, प्रोफेसर और अधिष्ठाता, शिक्षा संस्थान, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर।
विभिन्न श्रेणियों के एक-एक सदस्य, अर्थात् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिलाएं और शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी से, कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय या अन्य केंद्रीय / राज्य विश्वविद्यालयों के शिक्षक सदस्यों के रूप में मनोनीत।	1. प्रोफेसर एस. श्रीकृष्ण, वाराणसी 2. प्रोफ़ेसर टी॰ वी॰ कट्टीमनी, हैदराबाद 3. प्रोफ़ेसर साकेत कुशवाहा, इटानगर 4. प्रोफ़ेसर ए॰ एम॰ पठान, कर्नाटक 5. प्रोफ़ेसर कविता शाह, वाराणसी 6. प्रोफ़ेसर देवेंद्र कुमार सिंह, वाराणसी
कुलसचिव	(सचिव, पदेन)

अकादमिक परिषद्

अकादमिक परिषद की संरचना		नियुक्त/मनोनीत व्यक्ति का नाम
I.	कुलपति	**प्रोफ़ेसर रमा शंकर दुबे,** माननीय कुलपति (अध्यक्ष, पदेन)
II.	उप-कुलपति	रिक्त
III.	केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति या विश्वविद्यालय के सेवारत प्रोफेसर ऑफ़ एमिनेन्स, कुलपति की सिफारिश पर कार्यकारी परिषद द्वारा मनोनीत	**प्रोफ़ेसर सूर्य प्रताप सिंह** अध्यक्ष, जैवरसायन विभाग विज्ञान संस्थान बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
IV.	अध्ययन संस्थानों के अधिष्ठाता	1. **प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार,** अधिष्ठाता, रसायन विज्ञान संस्थान 2. **प्रोफ़ेसर संजय कुमार झा,** अधिष्ठाता, राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान 3. **प्रोफ़ेसर संजीव कुमार दुबे,** अधिष्ठाता, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन 4. **प्रोफ़ेसर जय प्रकाश प्रधान,** अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान संस्थान 5. **प्रोफ़ेसर मनीष,** अधिष्ठाता, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान 6. **प्रोफ़ेसर एच॰ बी॰ पटेल,** अधिष्ठाता, शिक्षा संस्थान 7. **प्रोफ़ेसर पल्लवी शर्मा,** अधिष्ठाता (आई/सी), नैनो विज्ञान संस्थान 8. **डॉ॰ प्रकाश सी॰ झा** अधिष्ठाता, अनुप्रयुक्त पदार्थ विज्ञान संस्थान 9. **डॉ॰ भावना पाठक,** अधिष्ठाता, पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान 10. **प्रोफ़ेसर सीमा रावत,** अधिष्ठाता, जीवन विज्ञान संस्थान 11. **प्रोफ़ेसर अतनु महापात्र,** अधिष्ठाता (आई/सी), पुस्तकालय और सूचना विज्ञान संस्थान

अकादमिक परिषद की संरचना		नियुक्त/मनोनीत व्यक्ति का नाम
V.	अध्ययन केन्द्रों के अध्यक्ष	1. **प्रोफ़ेसर संजीव कुमार दुबे,** अधिष्ठाता, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन 2. **प्रोफ़ेसर बालाजी रंगनाथन,** तुलनात्मक साहित्य एवं अनुवाद अध्ययन 3. **प्रोफेसर. अतनु भट्टाचार्य,** अध्यक्ष, अंग्रेजी अध्ययन केंद्र 4. **प्रोफ़ेसर जे. पी. प्रधान,** अध्यक्ष, अर्थशास्त्र एवं योजना अध्ययन केंद्र 5. **प्रोफ़ेसर मनीष,** अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान 6. **प्रोफ़ेसर राजेश मकवाना,** अध्यक्ष, गुजराती भाषा एवं साहित्य केंद्र, एसएलएल और सीएस 7. **प्रोफ़ेसर प्रकाश सी. झा** अध्यक्ष, अनुप्रयुक्त रसायन विज्ञान 8. **प्रोफ़ेसर अतनु महापात्र,** अध्यक्ष, प्रवासी अध्ययन केंद्र, स्वतंत्र केंद्र 9. **डॉ. अरुण विश्वनाथन** अध्यक्ष, सुरक्षा अध्ययन केंद्र, एसएनएसएस 10. **प्रोफ़ेसर जयेंद्र कुमार अमीन** अध्यक्ष, शिक्षा शोध एवं अध्ययन केंद्र, एसओई
VI.	छह प्रोफेसर, रोटेशन द्वारा, विभिन्न अध्ययन संस्थानों के यथेष्ट प्रतिनिधि, वरिष्ठता क्रमानुसार कुलपति द्वारा मनोनीत	1. **प्रोफ़ेसर मान सिंह,** रसायन विज्ञान संस्थान 2. **प्रोफ़ेसर अतनु भट्टाचार्य,** भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन 3. **प्रोफ़ेसर मनीष,** अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान 4. **प्रोफ़ेसर आर. वाई. हीरनमई यादव,** पर्यावरण एवं सतत् विकास संस्थान 5. **प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार,** रसायन विज्ञान संस्थान

अकादमिक परिषद की संरचना		नियुक्त/मनोनीत व्यक्ति का नाम
VII.	छह एसोसिएट प्रोफेसर, रोटेशन द्वारा, विभिन्न अध्ययन संस्थानों के यथेष्ट प्रतिनिधि, वरिष्ठता क्रमानुसार कुलपति द्वारा मनोनीत	1. **डॉ॰ अरुण विश्वनाथन,** सुरक्षा अध्ययन केंद्र, एसएनएसएस 2. **प्रोफ़ेसर जयेंद्रकुमार अमीन,** शिक्षा संस्थान 3. **प्रोफ़ेसर जी. आर. अंगाड़ी,** शिक्षा संस्थान 4. **डॉ. अजय सिंह चौहान,** गुजराती भाषा एवं साहित्य केंद्र, एसएलएल और सीएस 5. **डॉ. क्षमानिधि अदाबर,** अर्थशास्त्र एवं योजना अध्ययन केंद्र, एसएसएस
VIII.	छह सहायक प्रोफेसर, रोटेशन द्वारा, विभिन्न अध्ययन संस्थानों के यथेष्ट प्रतिनिधि, वरिष्ठता क्रमानुसार कुलपति द्वारा मनोनीत	1. **डॉ. अनुष्का गोखले,** जर्मन अध्ययन केंद्र 2. **डॉ॰ सौरभ शर्मा** अंतर्राष्ट्रीय राजनीति केंद्र 3. **डॉ॰ शिजू सैम वर्गीज** विज्ञान, तकनीक एवं नवाचार नीति अध्ययन केंद्र 4. **डॉ॰ मानसी सिंह** राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान 5. **डॉ॰ रीना कुमारी** पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान 6. **डॉ॰ सुनीता पटेल** जीवन विज्ञान संस्थान
IX.	छात्र कल्याण अधिष्ठाता	प्रोफ़ेसर जयेंद्रकुमार अमीन
X.	पुस्तकलायाध्यक्ष	रिक्त
XI.	वरिष्ठता क्रमानुसार एक कुलानुशासक	प्रोफ़ेसर इंद्राणी बैनर्जी
XII.	वरिष्ठता क्रमानुसार एक कुलानुशासक	प्रोफ़ेसर सीमा रावत
XIII.	वरिष्ठता क्रमानुसार एक वार्डन	डॉ॰ कुणाल सिन्हा

अकादमिक परिषद की संरचना		नियुक्त/मनोनीत व्यक्ति का नाम
XIV.	विश्वविद्यालय सेवा से अलग चार व्यक्ति, जिन्हें विशेष ज्ञान के कारण अकादमिक परिषद द्वारा चुना गया	1. **प्रोफ़ेसर विश्वंभर नाथ मिश्र** प्रोफेसर और प्रमुख विद्युत अभियांत्रिकी विभाग भारतीय तकनीकी संस्थान बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी 2. **श्री सतीश जेकब** वरिष्ठ पत्रकार, नई दिल्ली 3. **डॉ॰ ओम प्रकाश पाण्डेय** प्रधानमंत्री के पूर्व वैज्ञानिक सलहकार, नई दिल्ली 4. **श्री आनंद मोहन तिवारी,** आईएएस, अहमदाबाद (पूर्व अपर सचिव, गुजरात सरकार)
XV.	कोर्ट के दो सदस्य, गठन के समय चयनित सदस्यों द्वारा चुने गए, जिनमें से कोई भी व्यक्ति विश्वविद्यालय का या विश्वविद्यालय द्वारा चिन्हित या संबन्धित किसी अन्य संस्था का न तो छात्र होगा और न ही कर्मचारी।	विश्वविद्यालय कोर्ट द्वारा प्रतीक्षित
XVI.	विश्वविद्यालय के छात्र परिषद के सदस्यों में से योग्यता के आधार पर कुलपति द्वारा दो छात्रों के प्रतिनिधियों को रोटेशन के आधार पर मनोनीत किया जाएगा। जब निम्नलिखित में से किसी भी विषय पर विचार हो रहा होगा तो ऐसे सदस्यों को अकादमिक परिषद् में बैठने का अधिकार नहीं होगा: • संकाय पदों, भर्ती के सेवा शर्तें और शैक्षणिक स्वतंत्रता, • छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन और योग्यता के मूल्यांकन से संबंधित प्रक्रियाओं में।	1. **श्री कार्तिकेय धर द्विवेदी,** अनुप्रयुक्त पदार्थ विज्ञान संस्थान 2. **श्री दिव्यांशु यादव,** प्रवासी अध्ययन केंन्द्र
XVII.	निम्नलिखित वर्गों में से एक-एक प्रतिनिधि होता है: • अनुसूचित जाति • अनुसूचित जनजाति • अन्य पिछड़ा वर्ग जाति • अल्पसंख्यक • महिला, और • दिव्यांग इन्हें कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय या अन्य केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक कर्मचारियों में से सदस्यों के रूप में नामित किया जाएगा।	1. प्रोफ़ेसर सुखदेव भोई, नई दिल्ली 2. प्रोफ़ेसर सुरेश भाई सी॰ पडवी, आणंद 3. प्रोफ़ेसर के॰ एस॰ एन॰ यादव, हरिद्वार 4. प्रोफ़ेसर अकबर मसूद, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर 5. प्रोफ़ेसर निशा झा, भागलपुर, बिहार 6. प्रोफ़ेसर संजय कुमार स्त्यार्थी, दमन

अकादमिक परिषद की संरचना		नियुक्त/मनोनीत व्यक्ति का नाम
XVIII.	कुलसचिव	(पदेन अधिकारी सचिव)

संस्थान अधिष्ठाता

क्र सं	संस्थान का नाम	अधिष्ठाता का नाम
01.	रसायन विज्ञान संस्थान	प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार
02.	सामाजिक विज्ञान संस्थान	प्रोफ़ेसर जयप्रकाश प्रधान
03.	अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	प्रोफ़ेसर मनीष
04.	राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान	प्रोफ़ेसर संजय कुमार झा
05.	पर्यावरण एवं सतत् विकास संस्थान	प्रोफ़ेसर आर. वाई. हीरनमई
06.	अनुप्रयुक्त पदार्थ विज्ञान संस्थान	प्रोफ़ेसर प्रकाश सी॰ झा
07.	जीवन विज्ञान संस्थान	प्रोफ़ेसर सीमा रावत
08.	भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान	प्रोफ़ेसर संजीव कुमार दुबे
09.	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान	प्रोफ़ेसर अतनु मोहापात्र, अधिष्ठाता (आई/सी)
10.	नैनो विज्ञान संस्थान	प्रोफ़ेसर पल्लवी शर्मा, अधिष्ठाता (आई/सी)
11.	**शिक्षा संस्थान**	**प्रोफ़ेसर एच॰ बी॰ पटेल**

केंद्र के अध्यक्ष

क्र॰ सं॰	केंद्र	संस्थान	अध्यक्ष का नाम
01.	शोध एवं शिक्षा अध्ययन केंद्र	शिक्षा संस्थान	प्रोफ़ेसर जयेन्द्र कुमार एन. अमीन
02.	अंतरराष्ट्रीय राजनीति केंद्र	अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	प्रोफ़ेसर मनीष
03.	सुरक्षा अध्ययन केंद्र	राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान	प्रोफ़ेसर संजय कुमार झा
04.	प्रवासी अध्ययन केंद्र	-	प्रोफ़ेसर अतनु मोहापात्र
05.	तुलनात्मक साहित्य एवं अनुवाद अध्ययन केंद्र	भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान	प्रोफ़ेसर बालाजी रंगनाथन
06.	अनुप्रयुक्त रसायन केंद्र	अनुप्रयुक्त पदार्थ विज्ञान संस्थान	प्रोफ़ेसर प्रकाश चंद्र झा
07.	गुजराती भाषा एवं साहित्य केंद्र	भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान	प्रोफ़ेसर राजेश कुमार जेठालाल मकवाना
08.	अर्थशास्त्र एवं योजना अध्ययन केंद्र	सामाजिक विज्ञान संस्थान	प्रोफ़ेसर जय प्रकाश प्रधान
09.	अंग्रेजी अध्ययन केंद्र	भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान	प्रोफ़ेसर अतनु भट्टाचार्या
10.	हिंदी अध्ययन केंद्र	भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान	प्रोफ़ेसर संजीव कुमार दुबे
11.	समाज एवं विकास अध्ययन केंद्र	सामाजिक विज्ञान संस्थान	प्रोफ़ेसर तपस कुमार दलपति

समन्वयकों का विवरण

क्र॰ सं॰	केंद्र का नाम	संस्थान का नाम	समन्वयक का नाम
01.	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान केंद्र	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान	डॉ॰ मीनाक्षी परमार
02.	विज्ञान, प्रौद्यौगिकी एवं नवाचार नीति अध्ययन केंद्र	सामाजिक विज्ञान संस्थान	डॉ॰ पार्वती के. अय्यर
03.	गांधीवादी विचार एवं शांति अध्ययन केंद्र		डॉ॰ प्रिय रंजन कुमार
04.	सामाजिक प्रबंधन अध्ययन केंद्र		डॉ॰ सोनी कुंजप्पन
05.	सामाजिक कार्य पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर		डॉ॰ सोनी कुंजप्पन
06.	चीनी अध्ययन केंद्र	भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान	डॉ॰ स्वामी कुंदन किशोर
07.	जर्मन अध्ययन केंद्र		सुश्री जसप्रीत कौर लॉयल
0८.	समुद्री सुरक्षा अध्ययन केंद्र	राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान	डॉ. मानसी सिंह
०९.	सामरिक प्रोद्योगिकी अध्ययन केंद्र (साइबर और अंतरिक्ष)		डॉ. श्रीश कुमार तिवारी

अकादमिक और प्राधिकरण विभाग

विभाग का परिचय

अकादमिक, प्राधिकरण और समन्वय विभाग विश्वविद्यालय की अकादमिक नीतियों के निर्माण एवं कार्यान्वयन से संबंधित है। इन नीतियों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत सरकार और साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 द्वारा प्रदत्त अधिदेश द्वारा तैयार किया जाता है। यह अकादमिक गतिविधियों एवं विभिन्न प्राधिकरणों आदि से संबंधित विश्वविद्यालय के अध्यादेशों और विधियों के निर्माण, संशोधन, अधिसूचना और आवेदन हेतु प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी है। एक ब्यूरो के रूप में यह अकादमिक परिषद, कार्यकारी परिषद और कोर्ट आदि की बैठकों से संबंधित सभी कार्यों का समन्वय करता है। इस विभाग का एजेंडा मदम तैयार करना, संकल्पों को दर्ज करना और संकल्पों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार करना है। विभाग अनुमोदन प्राप्त करने और उन्हें समय-समय पर रिपोर्ट भेजने संबंधी मुद्दों के लिए विभिन्न संवैधानिक निकायों, व्यावसायिक परिषदों और भारत सरकार के साथ मध्यस्थ के रूप में भी कार्य करता है। प्रोफेसर एच.बी. पटेल, रजिस्ट्रार (ऑफ.) के नेतृत्व में विभाग का प्रबंधन डॉ. हेमांग देसाई, उपसचिव, श्री मुकेश परमार, सहायक सचिव और सहायक द्वारा किया जाता है।

अकादमिक, प्राधिकरण और समन्वय विभाग के कार्य:

- यूजीसी और एमएचआरडी के निर्देशों के अनुसार अकादमिक नीतियों का निर्माण और कार्यान्वयन करना।
- विश्वविद्यालय के अध्यादेशों और विधियों का निर्माण, संशोधन, अधिसूचना और अनुप्रयोग करना।
- विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों की बैठकों के लिए कार्यसूची मदों को तैयार करना, संकल्पों को दर्ज करना और संकल्पों पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट तैयार करना।
- अन्य मामलों में अनुमोदन प्राप्त करने हेतु विभिन्न संवैधानिक निकायों, व्यावसायिक परिषदों और भारत सरकार के साथ समन्वय करना।
- जन शिकायतों, राजभाषा प्रकोष्ठ, स्वास्थ्य केन्द्र, परियोजना मामले एवं फेलोशिप प्रकोष्ठ से संबंधित प्रशासनिक मामलों पर कार्रवाई करना।
- विश्वविद्यालय के वाहनों, आतिथ्य और यात्रा डेस्क का प्रबंधन करना।

अकादमिक और प्राधिकरण विभाग की प्रमुख गतिविधियाँ:

- विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद् से संबंधित समस्त कार्य।
- विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद से संबंधित समस्त कार्य।
- विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय न्यायालय से संबंधित समस्त कार्य।
- अधिष्ठाता बैठक से संबंधित सभी कार्य।
- एनईपी 2020 के कार्यान्वयन पर विश्वविद्यालय द्वारा की गई एक पहल जैसे समग्र शिक्षा पर अनिवार्य पाठ्यक्रम, बहु-विषयक शिक्षा हेतु दो-दो क्रेडिट के 29 वैकल्पिक पाठ्यक्रम शुरू करना, स्वयं / एमओओसी कार्यक्रमों के लिए क्रेडिट हस्तांतरण की अनुमति देना। साथ ही, राष्ट्रीय अकादमिक डिपॉजिटरी में छात्रों के पुरस्कार जमा करना, इंटर्नशिप / अप्रेंटिसशिप घटक के लिए पाठ्यक्रम संशोधन और इसके स्नातक एवं स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए लर्निंग आउटकम बेस्ड करिकुलम फ्रेमवर्क (एलओसीएफ) पाठ्यक्रम का कार्यान्वयन, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के माध्यम से मल्टीपल एंट्री-एक्जिस्ट सिस्टम शुरू करना।

- यूजीसी विनियमों के अनुसार विश्वविद्यालय अध्यादेश समिति के माध्यम से विश्वविद्यालय की अकादमिक नीतियों (विधान, अध्यादेश, नियम, विनियम, आदि) को तैयार करना और कार्यान्वित करना तथा उन्हें भारत के आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित करना।
- भारत और विदेशों में कार्यशाला, संगोष्ठी, सम्मेलनों, औद्योगिक दौरे, कार्यक्षेत्र के दौरे आदि के आयोजन / भाग लेने हेतु संस्थानों / केंद्रों / संकायों से संबंधित प्रक्रिया का अनुमोदन करना।
- अधिष्ठाता, अध्यक्षों, समन्वयकों, आदि की नियुक्ति प्रक्रिया पर कार्य करना।
- संस्थान बोर्ड, केंद्र बोर्ड, CASR, DAIP, IAIP, DSGRC, ISGRC आदि और अकादमिक उद्देश्यों के लिए विभिन्न समितियों का गठन करना।
- विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों/अस्पतालों के साथ विश्वविद्यालय के अकादमिक समझौता ज्ञापनों का प्रबंधन करना।
- पाठ्यक्रम के पुनरीक्षण के लिए अनुमोदन की प्रक्रिया करना और उन्हें अधिसूचित करना।
- अनुसंधान पर्यवेक्षक और संबंधित मामलों की स्वीकृति।
- अल्पकालिक कार्यक्रमों में भाग लेने की अनुमति।
- अतिथि वक्ताओं, अतिथि संकायों आदि को आमंत्रित करने की स्वीकृति।
- जेआरएफ का एसआरएफ का अपग्रेडेशन।
- छात्रों और छात्र अनुशासन से संबंधित सभी अनुमोदन और पत्राचार।
- न्यूएफएमएस पोर्टल पर नॉन-नेट फेलोशिप और सीएसआईआर फेलोशिप की प्रक्रिया संबंधी कार्य करना।
- पोस्ट-डॉक्टरल फेलोशिप (डॉ. अम्बेडकर पोस्ट डॉक्टरल) और डॉक्टरल फेलोशिप (ICSSR और डॉ. अम्बेडकर डॉक्टरल) की प्रक्रिया संबंधी कार्य करना।
- एसएफएमपी पोर्टल पर विभिन्न यूजीसी योजनाओं (यानी नेट जेआरएफ, एनएफओबीसी, मौलाना आजाद राष्ट्रीय फैलोशिप, स्वामी विवेकानंद सिंगल गर्ल चाइल्ड फेलोशिप, एससी के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप, एसटी छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप) प्रक्रिया संबंधी कार्य करना।
- डीएसडब्ल्यू, प्रॉक्टर, प्रोवोस्ट, संपर्क अधिकारी (एससी/एसटी/ओबीसी) और अन्य विभागों/प्रकोष्ठ जैसे आईसीसी, ईओसी, डीएआईपी, डीएसजीआरसी, आईएसजीआरसी, आदि से प्राप्त छात्रों से संबंधित शिकायत मामलों को संसाधित करना।
- यूजीसी, पीजी पोर्टल शिकायत, संसद प्रश्न आदि की शिकायतों से संबंधित मामले।
- प्रशासनिक आवश्यकता के लिए विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के साथ समन्वय।
- आतिथ्य से संबंधित कर्तव्य और जिम्मेदारियां।
- यूजीसी, एमओई, विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/प्रकोष्ठों आदि को सूचना प्रस्तुत करना।

प्रशासन एवं स्थापना विभाग

विभाग का परिचय

प्रशासन एवं स्थापना विभाग विश्वविद्यालय के सामान्य प्रशासन, वस्तुओं और सेवाओं की खरीद तथा मानव संसाधन के प्रबंधन संबंधी कार्यों के निष्पादन से संबंधित है। यह सरकार द्वारा उल्लिखित खरीद प्रक्रियाओं के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी है। यह विभाग, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा अधिसूचित प्रशासनिक मुद्दों से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन करना और कर्मचारियों के साथ-साथ संस्थान से संबंधित विभिन्न अभिलेखों को सुरक्षित करना तथा अद्यतन करना भी सुनिश्चित करता है। यह विभाग कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस), आरक्षण रोस्टर तैयार करने, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए मूल्यांकन प्रणाली के प्रभावी संचालन, परिसंपत्ति और स्टॉक रखरखाव तथा विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों की खरीद के लिए निविदा प्रक्रिया जैसे कार्यों को भी प्रबंधित करता है। विभाग कुंडेला में विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर में बुनियादी ढांचा परियोजना की अवधारणा और कार्यान्वयन में भी शामिल है। माननीय कुलपति के मार्गदर्शन में इस विभाग का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय, कुलसचिव (08 मार्च 2022 तक), प्रो. संजय कुमार झा, कुलसचिव (ऑफ.) द्वारा 31 मार्च 2022 तक किया गया। यह विभाग श्री जयप्रकाश एम सोनी, उप कुलसचिव, श्री तरुण कुमार सोनी, सहायक कुलसचिव, एक अनुभाग अधिकारी और एक सहायक के साथ कार्य कर रहा है।

प्रशासन एवं स्थापना विभाग की शासन संरचना निम्नलिखित है:

कुलसचिव

↓

उप-कुलसचिव (प्रशासन)

↓

सहायक कुलसचिव (प्रशासन)

↓

सहायक

↓

प्रशासन एवं स्थापना विभाग के कार्य

विश्वविद्यालय के सुचारू और कुशल संचालन के लिए सामान्य प्रशासन के माध्यम से प्रशासनिक सहायता प्रदान करना।

- सभी संस्थानों एवं केंद्रों में गुणवत्ता युक्त मानव संसाधन उपलब्ध कराना।
- सभी संस्थानों एवं केंद्रों हेतु सामान्य और वैज्ञानिक उपकरणों की खरीद/फरोख्त का कार्य करना।
- सभी कर्मचारियों की सेवाओं और रेकॉर्ड्स का रखरखाव करना।
- उपभोग्य और गैर-उपभोग्य सामग्रियों के रिकॉर्ड की देखभाल करना।
- प्रशासन से संबंधित सभी रेकॉर्ड्स की देखभाल करना।

विभाग की प्रमुख गतिविधियाँ:

मानव संसाधन प्रकोष्ठ

1. संकाय सदस्यों कि सीएएस (CAS) पदोन्नति।

2. गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करना।

3. गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों कि पदोन्नति करना।

4. अतिथि संकायों की नियुक्ति करना।

5. शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती के नियमों में संशोधन करना।

6. पीडब्ल्यूडी के लिए आरक्षण रोस्टर तैयार करना।

महत्त्वपूर्ण निविदाएं :-

1. मानव शक्ति प्रदान करने के लिए एजेंसी की नियुक्ति हेतु निविदा।

2. सुरक्षा सेवाएं प्रदान करने हेतु निविदा।

3. "वेब आधारित ईआरपी/विश्वविद्यालय एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (यूआईएमएस) के लिए रुचि की अभिव्यक्ति" के लिए निविदा।

4. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सॉल्यूशन की आपूर्ति, स्थापना और शुरू करने हेतु निविदा।

5. बोर्ड रूम सेटअप की आपूर्ति, स्थापना और शुरू करने हेतु निविदा।

6. स्टूडियो सेटअप की आपूर्ति, स्थापना और शुरू करने हेतु निविदा।

7. नए परिसर के लिए निरीक्षण वाहन की खरीद हेतु निविदा।

8. मल्टीमोड माइक्रोप्लेट रीडर हेतु निविदा।

9. बेंच-टॉप फ्रीज ड्रायर सिस्टम हेतु निविदा।

10. यूवी-विसिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर हेतु निविदा।

11. प्रशीतित अपकेंद्र यंत्र हेतु निविदा।

12. जेल (Gel) प्रलेखन प्रणाली हेतु निविदा।

13. सीओ विश्लेषक (एनडीआईआर) हेतु निविदा।

14. रोटरी ईवैपरैटर हेतु निविदा।

15. इमर्शन कूलर हेतु निविदा।

16. इनवर्टेड फ्लूअरेसन्स माइक्रोस्कोप हेतु निविदा।

17. कार्य स्थल हेतु निविदा।

18. पीसीआर मशीन हेतु निविदा।

19. जैव सुरक्षा कैबिनेट हेतु निविदा।

20. शुद्ध और शुद्ध जल शोधन प्रणाली के लिए एकल एकीकृत प्रणाली हेतु निविदा।

21. बेंच-टॉप फ्रीज ड्रायर सिस्टम हेतु निविदा।

22. पीसीआर मशीन हेतु निविदा।

23. सीयूजी के स्थायी परिसर के चरण- I (पैकेज- II) के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)।

महत्त्वपूर्ण समितियाँ:

वार्षिक प्रतिवेदन-2021-22 तैयार करने हेतु समिति का गठन

माननीय कुलपति के निर्देश पर वर्ष 2021-22 के लिए गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय की हिंदी और अंग्रेजी में वार्षिक प्रतिवेदन तैयार करने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति गठित की गई है:-

क्रम सं.	नाम	पद
1.	**प्रो. सरिता अग्रवाल,** सीएसईपी, एसएसएस	**अध्यक्ष**
2.	**प्रो. आर. वाई. हीरनमई यादव,** एसईएसडी	**सदस्य**
3.	**प्रो. जी. आर. अंगड़ी,** सीएसआरई, एसओई	**सदस्य**
4.	**डॉ. बिपुल कुमार,** एसोसिएट प्रोफेसर, सीएचएलएल, एसएलएल एंड सीएस	**सदस्य**
5.	**डॉ. शिल्पा एस पोपट,** सहायक प्रोफेसर, एसओई	**सदस्य**
6.	**डॉ. श्रीश कुमार तिवारी,** सहायक प्रोफेसर, सीएसटीटी, एसएनएसएस	**सदस्य**
7.	**डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी,** सहायक प्रोफेसर, सीएचएलएल, एसएलएल और सीएस	**सदस्य**
8.	**डॉ गजेंद्र कुमार मीणा,** सहायक प्रोफेसर, सीएचएलएल, एसएलएल और सीएस	**सदस्य**

समिति आवश्यकता के आधार पर किसी भी सदस्य को सहयोजित कर सकती है। समिति को सलाह दी जाती है कि वह शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय सारिणी का पालन करे और 15 जून 2022 तक अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करे।

छात्र अनुशासन समिति का गठन

केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम-2009 की धारा 6(xiii) के साथ पठित परिनियम 28(1) और अध्यादेश संख्या 33 में निहित प्रावधान के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी द्वारा एक छात्र अनुशासन समिति का गठन किया गया है। इस समिति के समक्ष एक विद्यार्थिनी की शिकायत से संबंधित आंतरिक शिकायत समिति द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं:-

क्रम सं.	नाम	टिप्पणी
1.	**प्रो. मनीष,** अधिष्ठाता, एसआईएस, कुलपति द्वारा नामित	अध्यक्ष
2.	**प्रो. एच.बी. पटेल,** छात्र कल्याण अधिष्ठाता	सदस्य
3.	**प्रो. जे.पी. प्रधान,** अधिष्ठाता, एसएसएस	सदस्य
4.	**प्रो. संजीव कुमार दुबे,** अधिष्ठाता, एसएलएल एंड सीएस	सदस्य
5.	**प्रो सीमा रावत,** अधिष्ठाता, एसएलएस और प्रोवोस्ट	सदस्य
6.	**प्रो. राजेश मकवाना,** प्रॉक्टर	सदस्य
7.	**श्री. मुकेश परमार,** सहायक कुलसचिव	सदस्य

संदर्भ की शर्तें: -

(ए) आईसीसी द्वारा प्रस्तुत शिकायत और रिपोर्ट की जांच करना।

(बी) त्रुटि करने वाले छात्र (छात्रों) को सुनवाई का उचित अवसर प्रदान करना।

अनुशासनात्मक समिति से अनुरोध है कि अधिसूचना जारी होने की तिथि से दो सप्ताह के भीतर अनुशासनात्मक कार्रवाई से संबंधित अनुशंसा के साथ अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करे।

ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत प्राप्त अनुदान के उपयोग के लिए समिति का गठन

ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत यूजीसी से प्राप्त अनुदान के नियमानुसार उपयोग के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति गठित की जा रही है:-

क्रम सं.	नाम	पद	टिप्पणी
1.	प्रो. संजय कुमार झा	प्रोफ़ेसर	अध्यक्ष
2.	प्रो. एच.बी. पटेल	प्रोफ़ेसर	सदस्य
3.	प्रो. संजीव कुमार दुबे	प्रोफ़ेसर	सदस्य
4.	डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय	कुलसचिव	सदस्य
5.	श्री मुकेश परमार	सहायक कुलसचिव	सदस्य सचिव

रसायन, प्रयोगशाला, कांच के बने पदार्थ, फिल्टर / फिल्टर पेपर के साथ प्रयोगशाला प्लास्टिक के सामान, लघु उपकरण और विविध वस्तुओं के लिए वार्षिक दर अनुबंध (एआरसी) के लिए विक्रेताओं के पैनल के लिए समिति का गठन

माननीय कुलपति ने अनुबंध की वार्षिक दर (एआरसी) के माध्यम से रसायनों, प्रयोगशाला, कांच के बने पदार्थ, फिल्टर / फिल्टर पेपर के साथ प्रयोगशाला प्लास्टिक के सामान, छोटे उपकरणों और विविध वस्तुओं की आगे की खरीद के लिए नियम एवं शर्तों और दिशानिर्देशों का सुझाव देने के लिए एक समिति का गठन किया है:-

क्र॰ सं॰	नाम और पद	टिप्पणी
1	प्रोफ़ेसर मान सिंह , अधिष्ठाता, एससीएस	अध्यक्ष
2	डॉ॰ भावना पाठक, अधिष्ठाता, एसईएसडी	सदस्य
3	प्रो. दिनेश कुमार, अधिष्ठाता, एससीएस	सदस्य
4	प्रो. सीमा रावत, अधिष्ठाता, एसएलएस	सदस्य
5	डॉ॰ प्रकाश झा, अधिष्ठाता, एसएएमएस	सदस्य
6	प्रो. पल्लवी शर्मा, डीन (आई/सी), एसएनएस	सदस्य
7	श्री डी॰ वी॰ राव, आईएओ (सलाहकार)	सदस्य
7	श्री जयप्रकाश एम॰ सोनी, उप-कुलसचिव (प्रशासन)	सदस्य
8	श्री शमशेर सिंह एआर (एफ़ ईएनडी ए)	सचिव

इसके अतिरिक्त, समिति को सभी संस्थानों/केंद्रों और सीआईएफ की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विक्रेताओं के पैनल के लिए निविदा तैयार करने और एआरसी को अंतिम रूप देने की आवश्यकता है।

सीयूजी की जलपानगृह (कैंटीन) समिति का गठन

सक्षम प्राधिकारी द्वारा अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से निम्नलिखित सदस्यों वाली एक कैंटीन समिति का गठन किया गया है:-

क्रम सं.	नाम	पद	टिप्पणी
1.	प्रो. एच.बी. पटेल	छात्र कल्याण अधिष्ठाता	अध्यक्ष
2.	प्रो. राजेश मकवाना	अध्यक्ष, सीजीएलएल, एसएलएल और सीएस	सदस्य
	डॉ. तूलिका त्रिपाठी	सहायक प्रोफ़ेसर, सामाजिक विज्ञान संस्थान	
	डॉ. श्रीश कुमार तिवारी	सहायक प्रोफ़ेसर, राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान	
	प्रो. आर.वाई. हीरनमयी	प्रोफेसर, पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान	
3.	डॉ. ईश्वरैया बेगरी	सहायक प्रोफ़ेसर, अनुप्रयुक्त पदार्थ विज्ञान संस्थान	सदस्य
	डॉ. राजेश सिंह	सहायक प्रोफ़ेसर, पर्यावरण सतत विकास संस्थान	
	श्री पवन पाठक	कार्यपालक अभियंता	
4.	डॉ. मीनाक्षी परमार	छात्र कल्याण उप-अधिष्ठाता	सदस्य
5.	श्री वरुण प्रताप सिंह	संयोजक छात्र परिषद	सदस्य

समिति का कार्य नियम व शर्तों के अनुसार कैंटीन के कामकाज की देखरेख करना है। छात्रों द्वारा कैंटीन में भोजन की गुणवत्ता और मात्रा तथा अन्य संबंधित मुद्दे उठाए गए।

पुस्तकालय के कार्य-समय/खुले रहने के समय की समीक्षा के लिए समिति का गठन

पुस्तकालय के कार्य-समय/खुले रहने के समय की समीक्षा हेतु एतद्द्वारा एक समिति का गठन किया गया है। समिति पुस्तकालय के विभिन्न हितधारकों के साथ इसके खुलने के समय और उपयोगिता के बारे में चर्चा करेगी और अपनी अनुशंसाएं अधोहस्ताक्षरी को यथाशीघ्र प्रस्तुत करेगी:-

क्र॰ सं॰	नाम और पद	टिप्पणी
1	प्रोफ़ेसर भावना पाठक, अधिष्ठाता, एसईएसडी	अध्यक्ष
2	प्रोफ़ेसर एच. बी. पटेल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता	सदस्य
3	प्रोफ़ेसर जयप्रकाश प्रधान, अधिष्ठाता, एसएसएस	**सदस्य**
4	डॉ. ज़किया फिरदौस, सहायक प्रोफ़ेसर, एसएलएल और सीएस	**सदस्य**
5	डॉ॰ धनंजय राय, सहायक प्रोफ़ेसर, एसएसएस	**सदस्य**

स्थायी परिसर हेतु वास्तुकला परामर्श सेवाओं के प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) तैयार करने संबंधी समिति का गठन

सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) तैयार करने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति का गठन किया गया है। इस समिति का कार्य कुंडेला गांव, तालुका दभोई, जिला वडोदरा में चरण- I (पैकेज- II), आवासीय, छात्र छात्रावास, अतिथि गृह और कुछ विकास कार्य) में विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर की मुख्य योजना (मास्टर प्लान) तैयार करने हेतु वास्तुकला परामर्श सेवाप्रदाताओं की भर्ती के लिए आवेदनों और वास्तुकला डिजाइन के व्यापक चित्रांकन की जांच करना है।

क्र॰ सं॰	नाम एवं पद	टिप्पणी
1	श्री विशाल व्यास, मुख्य वास्तुकार, गुजरात सरकार	अध्यक्ष
2	प्रो. प्रीति शाह, प्राचार्य, SMAID, न्यू विद्यानगर, आणंद	सदस्य
3	प्रो. (डॉ.) यू डी पटेल, प्रोफेसर और प्रमुख, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग संकाय, एम.एस. बड़ौदा विश्वविद्यालय	सदस्य
4	श्री डी. वी. राव, सलाहकार आईएओ	सदस्य
5	श्री एस सम्मुग्नाथन, सलाहकार अभियंता (सिविल)	सदस्य
6	श्री जयप्रकाश एम सोनी, उप कुलसचिव	सदस्य
7	श्री तरुण के. सोनी, सहायक कुलसचिव	सदस्य
8	सुश्री मोहिनी रहपड़े, वास्तुकार, सीपीडब्ल्यूडी मुंबई	सदस्य
9	श्री पवन पाठक, कार्यपालक अभियंता	सदस्य सचिव

GeM के माध्यम से खरीद के लिए समिति का गठन

माननीय कुलपति ने मूल्य तर्कसंगतता, उत्पाद की गुणवत्ता को सत्यापित करने के लिए निम्नलिखित सदस्यों वाली एक समिति का गठन किया है। यदि आवश्यक हो तो समिति छह माह (30 सितंबर 2021 से प्रभावी) की अवधि के लिए जेम (**GeM**) के माध्यम से वस्तुओं की खरीद हेतु उपलब्ध प्रतिवर्ती नीलामी आरंभ कर सकती है और अन्य साधनों का प्रयोग कर सकती है।

1.	श्री जयप्रकाश एम सोनी, उप कुलसचिव (प्रशासन) – सदस्य
2.	डॉ. राजेश सिंह, सहायक प्रोफेसर, एसईएसडी - सदस्य
3.	श्री तरुण कुमार सोनी, सहायक कुलसचिव (प्रशासन) - सदस्य
4.	श्री शमशेर सिंह, सहायक कुलसचिव (वित्त एवं लेखा विभाग) - सदस्य
5.	श्री. डी. वी. राव, आईएओ (अनुबंध पर) - सदस्य
6.	6. उपयोगकर्ता विभागों/संस्थानों/केन्द्रों/अनुभागों से एक सदस्य

उपरोक्त सदस्यों से अनुरोध है कि खरीद और अधिप्राप्ति के लिए जीएफआर-2017 और विश्वविद्यालय के नियमों का पालन करें।

वैज्ञानिक उपकरणों के तकनीकी विनिर्देश के मूल्यांकन के लिए तकनीकी समिति का गठन

माननीय कुलपति ने छह माह की अवधि (30 सितंबर 2021 से प्रभावी) के लिए निम्नलिखित सदस्यों को शामिल कर के एक तकनीकी समिति का गठन किया है।

1. प्रो. मान सिंह, एससीएस - अध्यक्ष
2. प्रो. सीमा रावत, अधिष्ठाता, एसएलएस - सदस्य
3. प्रो. भावना पाठक, अधिष्ठाता, एसईएसडी - सदस्य
4. प्रो. दिनेश कुमार, अधिष्ठाता, एससीएस - सदस्य
5. प्रो. पल्लवी शर्मा, अधिष्ठाता, एसएनएस - सदस्य

तकनीकी समिति वैज्ञानिक उपकरणों से संबंधित 2.5 लाख रुपये से अधिक मूल्य की सभी खरीद हेतु तकनीकी विनिर्देश का मूल्यांकन करेगी। समिति कार्य विवरण एवं तुलनात्मक विवरण के साथ वित्तीय बोली खोलने के लिए विश्वविद्यालय खरीद समिति को अनुशंसा करेगी।

उपयोगकर्ता विभाग वैज्ञानिक उपकरणों की खरीद प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए तकनीकी समिति के साथ समन्वय कर सकता है।

समिति इस संबंध में जीएफआर 2017, एमएचआरडी, यूजीसी और विश्वविद्यालय के नियमों का पालन करेगी।

विश्वविद्यालय क्रय समिति का गठन

संस्थानों, केंद्रों और अन्य विभागों की खरीद आवश्यकताओं को सरल बनाने हेतु माननीय कुलपति के आदेश से एक विश्वविद्यालय खरीद समिति का गठन किया गया है जिसमें निम्नलिखित सदस्यों को शामिल किया गया है। समिति का गठन छह माह की अवधि (30 सितंबर 2021 से प्रभावी) के लिए किया गया है।

1. प्रो. संजय कुमार झा, अधिष्ठाता, एसएनएसएस - अध्यक्ष
2. प्रो. (डॉ.) एच.बी. पटेल, प्रोफेसर और अधिष्ठाता, एसओई - सदस्य
3. प्रो. अतनु मोहापात्र, अध्यक्ष, सीडीएस - सदस्य
4. डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय, कुलसचिव- सदस्य
5. श्री. डी. वी. राव, आईएओ (अनुबंध पर) - सदस्य
6. श्री जयप्रकाश एम. सोनी, उप कुलसचिव (प्रशासन) – संयोजक

समिति स्थानीय क्रय समिति की सीमा से अधिक 2,50,000/- रुपये (दो लाख पचास हजार) से अधिक की वस्तुओं, सेवाओं की खरीद के लिए उत्तरदायी होगी। समिति समय-समय पर सक्षम प्राधिकारी के आदेश द्वारा जारी जीएफआर-2017, विश्वविद्यालय के नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार खरीद की प्रक्रिया शुरू करेगी। संदर्भ के लिए जीएफआर-2017 के प्रासंगिक पृष्ठ इसके साथ संलग्न हैं।

सामान्य वस्तुओं की अधिप्राप्ति के लिए स्थानीय क्रय समिति का गठन

संस्थानों, केन्द्रों एवं अन्य विभागों की क्रय आवश्यकताओं को सुचारु बनाने के लिए सामान्य वस्तुओं की अधिप्राप्ति हेतु माननीय कुलपति के आदेश से निम्नलिखित सदस्यों की एक स्थानीय क्रय समिति गठित की गई है। समिति का गठन छह महीने की अवधि (30 सितंबर 2021 से प्रभावी) के लिए किया गया है।

1. श्री जयप्रकाश एम. सोनी, उप कुलसचिव (प्रशासन) - संयोजक
2. डॉ. अजयसिंह चौहान, एसोसिएट प्रोफेसर, सीजीएलएल, एसएलएल एंड सीएस - सदस्य
3. डॉ. तूलिका त्रिपाठी, सहायक प्रोफेसर, सीएसईपी, एसएसएस - सदस्य
4. श्री मुकेश परमार, सहायक कुलसचिव (अकादमिक) – सदस्य

समिति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उचित अनुमोदन के बाद खरीद की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। क्रय प्रक्रिया जीएफआर-2017, समय-समय पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार होगी। संदर्भ के लिए जीएफआर-2017 के प्रासंगिक पृष्ठ इसके साथ संलग्न हैं।

अनुरक्षण संबंधी मदों की अधिप्राप्ति के लिए स्थानीय क्रय समिति का गठन

संस्थानों, केन्द्रों एवं अन्य विभागों की क्रय आवश्यकताओं को सुचारु बनाने के लिए माननीय कुलपति के आदेश से अनुरक्षण संबंधी मदों के क्रय हेतु एक स्थानीय क्रय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में निम्नलिखित सदस्यों को शामिल किया गया है। समिति का गठन छह महीने की अवधि (30 सितंबर 2021 से प्रभावी) के लिए किया गया है।

1. श्री जयप्रकाश एम. सोनी, उप कुलसचिव (प्रशासन) - संयोजक
2. श्री शमशेर सिंह, सहायक कुलसचिव (वित्त एवं लेखा) - सदस्य
3. डॉ. जयेंद्रकुमार एन. अमीन, एसोसिएट प्रोफेसर, एसओई - सदस्य
4. डॉ. श्रीश कुमार तिवारी, सहायक प्रोफेसर, एसएनएसएस – सदस्य

समिति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उचित अनुमोदन के बाद खरीद की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। क्रय प्रक्रिया जीएफआर-2017, समय-समय पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार होगी।

केंद्रीय उपकरणीकरण सुविधा (सीआईएफ) उपकरणों के प्रभारी संकाय का पुन: आवंटन

सक्षम प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित संकाय सदस्यों को सीआईएफ के संबंधित उपकरणों के प्रभारी के रूप में नामित किया गया है। सक्षम प्राधिकारी उपकरण के कामकाज में हर तरह से समर्थन करेगा और सभी नमूनों का विश्लेषण भी सुनिश्चित करेगा चाहे वह आंतरिक हो या बाहरी: -

क्रम सं.	उपकरण का नाम	मॉडल नंबर और निर्माणकर्ता	संकाय प्रभारी
1.	इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा ऑप्टिकल एमिशन स्पेक्ट्रोमीटर (ICP-OES)	मॉडल: 7300DV, निर्माणकर्ता: पर्किन एल्मर	डॉ. राजेश सिंह, सहायक प्रोफेसर, एसईएसडी
2.	५०० मेगाहर्ट्ज फूरियर-ट्रांसफॉर्म न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस (एफटी-एनएमआर)	मॉडल: SP-65, निर्माणकर्ता: पर्किन एल्मर	डॉ. गुरुराजा जी.एन., सहायक प्रोफेसर, एससीएस
3.	डायनेमिक लाइट स्कैटरिंग (DLS)	मॉडल: NPA152-31A-0000-000-90M, निर्माणकर्ता: मेट्रोहम	डॉ. हितेश कुल्हारी, सहायक प्रोफेसर, एसएनएस
4.	स्कैनिंग ऑफ़ इलेक्ट्रॉन केमिकल माइक्रोस्कोप (एसईसीएम)	मॉडल: CHI920D, निर्माणकर्ता: सीएच इंस्ट्रूमेंट	प्रो. दिनेश कुमार, प्रोफेसर, एससीएस
5.	थर्मो ग्रेविमेट्रिक एंड डिफरेंशियल थर्मल एनालिसिस (टीजी/डीटीए)	मॉडल: TG/DTA7300 निर्माणकर्ता: एक्सस्टार	डॉ धनंजय मंडल, सहायक प्रोफेसर, एससीएस
6.	डिफरेंशियल स्कैनिंग कैलोरीमेट्री (डीएससी)	मॉडल: DSC 6000 निर्माणकर्ता: पर्किन एल्मर	डॉ. चारु लता दुबे, सहायक प्रोफेसर, एसएनएस
7.	फ्लूअरेसन्स माइक्रोस्कोप	मॉडल: BX 53 निर्माणकर्ता: ओलिंपस	डॉ. सुनीता पटेल, सहायक प्रोफेसर, एसएलएस
8.	एटॉमिक अब्सॉर्प्शन स्पेक्ट्रोफोटोमीटर (एएएस)	मॉडल: ICE3300, निर्माणकर्ता: थर्मो साइंटिफिक	डॉ. राजेश सिंह, सहायक प्रोफेसर, एसईएसडी

क्रम सं.	उपकरण का नाम	मॉडल नंबर और निर्माणकर्ता	संकाय प्रभारी
9.	अल्ट्रा-सेन्ट्रफ्यूज	मॉडल: CS120GXII, निर्माणकर्ता: हिताची	प्रो. सीमा रावत, प्रोफेसर, एसएलएस
10.	ब्रूनौएर एम्मेट टेलर (बीईटी) भूतल क्षेत्र विश्लेषक	मॉडल: सर्फर सिस्टम-स्टैंडर्ड, निर्माणकर्ता: थर्मो साइंटिफिक	डॉ. राजेश सिंह, सहायक प्रोफेसर, एसईएसडी
11.	डीएनए सीक्वेंसर	मॉडल: AB 3500, निर्माणकर्ता: एप्लाइड बायो-सिस्टम	प्रो. सीमा रावत, प्रोफेसर, एसएलएस
12.	हाई रेसोल्यूशन ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (एचआर-टीईएम)	मॉडल JEOL JEM 2100 TEM HR LaB6 संस्करण, निर्माणकर्ता: JEOL	डॉ. मनु शर्मा, सहायक प्रोफेसर, एसएनएस डॉ. चारु लता दुबे, सहायक प्रोफेसर, एसएनएस
13.	पाउडर एक्सआरडी (पी-एक्सआरडी)	मॉडल: ब्रकर AXS D8 फोकस P-XRD, निर्माणकर्ता: ब्रकर	डॉ. चारु लता दुबे, सहायक प्रोफेसर
14.	फास्ट प्रोटीन लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (FPLC)	मॉडल: अक्ता प्यूरीफायर, निर्माणकर्ता: जीई हेल्थकेयर बायोसाइंसेज	डॉ. अंजू पप्पचन, सहायक प्रोफेसर, एसएलएस
15.	रीयल टाइम पीसीआर (आरटी-पीसीआर)	मॉडल: AB 7500, निर्माणकर्ता: एप्लाइड बायो-सिस्टम	प्रो. सीमा रावत, प्रोफेसर, एसएलएस
16.	स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (SEM)	मॉडल: EVO 18, निर्माणकर्ता: कार्ल जीस	डॉ. राजेश वसीता, सहायक प्रोफेसर, एसएलएस डॉ. मनु शर्मा, सहायक प्रोफेसर, एसएनएस
17.	इलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रोस्कोपी फॉर केमिकल एनालिसिस (ESCA)	मॉडल: B002961 ESCA + बेस सिस्टम, निर्माणकर्ता: ओमिक्रोन	प्रो. दिनेश कुमार, प्रोफेसर, एससीएस
18.	लिक्विड क्रोमैटोग्राफी-मास स्पेक्ट्रोमेट्री (एलसी/एमएस-क्यूटीओएफ)	मॉडल: एडवांस वर्जन LC/MS – QTOF, निर्माणकर्ता: एगिलेंट	डॉ. एल. राजू चौहान, सहायक प्रोफेसर, एस एएमएस
19.	एलिमेंटल एनालाइजर (सीएचएनएस/ओ)	मॉडल: यूरो ईए 3000, निर्माणकर्ता: यूरो-वेक्टर	डॉ. धनंजय मंडल, सहायक प्रोफेसर, एससीएस
20.	गैस क्रोमैटोग्राफी (जीसी)	मॉडल: GC CERES 800 Plus, निर्माणकर्ता: थर्मो साइंटिफिक	डॉ. धीरज राठौर, सहायक प्रोफेसर, एसईएसडी
21.	कन्फोकल लेजर स्कैनिंग माइक्रोस्कोप (CLSM)	मॉडल: LSM 780, निर्माणकर्ता: जेइस	डॉ. राजेश वसीता, सहायक प्रोफेसर, एसएलएस

क्रम सं.	उपकरण का नाम	मॉडल नंबर और निर्माणकर्ता	संकाय प्रभारी
22.	सिंगल क्रिस्टल एक्सआरडी (एससी-एक्सआरडी)	मॉडल: AXS D8 वेंचर SC-XRD, निर्माणकर्ता: बर्कर	डॉ. गुरुराजा जी.एन., सहायक प्रोफेसर, एस.सी.एस
23.	फ्लूअरेसन्स-एक्टिवेटेड सेल सोर्टिंग (FACS)	मॉडल: BD- FACS एरिया निर्माणकर्ता: बीडी बायोसाइंसेज	डॉ. राजेश वसीता, सहायक प्रोफेसर, एसएलएस
24.	हाई परफॉरमेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (एचपीएलसी)	मॉडल: FX-6, निर्माणकर्ता: पर्किन एल्मर	डॉ. पंचमी प्रभाकरण, सहायक प्रोफेसर, एससीएस
25.	एटॉमिक फ़ोर्स माइक्रोस्कोप (एएफएम)	मॉडल: XE-70, निर्माणकर्ता: पार्क सिस्टम	डॉ. उमेश कुमार, सहायक प्रोफेसर, एसएनएस
26.	एडवांस्ड पोटेंशियोस्टेट	मॉडल: 1.848.0010- टिट्रिनो प्लस, निर्माणकर्ता: मेट्रोहम	प्रो. दिनेश कुमार, प्रोफेसर, एससीएस
27.	ओजोन जेनरेटर	मॉडल ओजोन मॉड्यूल, निर्माणकर्ता: थेल्स नैनो	प्रो. आर.वाई. हीरनमई प्रोफेसर, एसईएसडी
28.	कुल कार्बनिक कार्बन (टीओसी)	मॉडल: मल्टी एन/सी 3100, निर्माणकर्ता: एनालिटिकजेना	प्रो. दिनेश कुमार, प्रोफेसर, एससीएस डॉ. धीरज राठौर, सहायक प्रोफेसर, एसईएसडी
29.	यूवी-विज़िबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर	मॉडल: 2060+, निर्माणकर्ता: एनालिटिकल	प्रो. दिनेश कुमार, प्रोफेसर, एससीएस
30.	पोलोरिमीटर	मॉडल: MCP 200 निर्माणकर्ता: एंटोन पार	डॉ. एल. राजू चौहान, सहायक प्रोफेसर, एसएएमएस
31.	हाई स्पीड सेंट्रीफ्यूज हिताची	मॉडल: CR22GXIII निर्माणकर्ता:	डॉ. अंजू पप्पचन, सहायक प्रोफेसर, एसएलएस
32.	रेफ्रेक्टोमीटर इंडेक्स (आरआई)	मॉडल J257 क्रम संख्या: 13760G	प्रो. दिनेश कुमार, प्रोफेसर, एससीएस
33.	पोरोसिमीटर	मॉडल: पास्कल 140 सीरीज, निर्माणकर्ता: थर्मो साइंटिफिक	डॉ. धीरज राठौर, सहायक प्रोफेसर, एसईएसडी
34.	मैट्रिक्स-असिस्टेड लेजर डिसोर्शन/ आइअनाइज़ेशन (MALDI-TOF)	मॉडल: ऑटोफ्लेक्स स्पीड, निर्माणकर्ता: ब्रकर	प्रो. पल्लवी शर्मा, प्रोफेसर, एसईएसडी डॉ. पंचमी प्रभाकरण, सहायक प्रोफेसर, एससीएस
35.	फूरियर ट्रांसफॉर्म इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी (FTIR)	मॉडल: SP-65, निर्माणकर्ता: पर्किन एल्मर	डॉ. डी.वी. लेनिन, सहायक प्रोफेसर, एससीएस
36.	थिन लेयर क्रोमैटोग्राफी (एचपी-टीएलसी)	मॉडल: लिनोमैट 5, निर्माणकर्ता: कैमाग (CAMAG)	प्रो. भावना पाठक, प्रोफेसर, एसईएसडी डॉ. पॉलामी साहू, सहायक प्रोफेसर, एसईएसडी

उपरोक्त संकाय सदस्य उन्हें आवंटित उपकरणों के रखरखाव, अनुरक्षण व्यय के लिए भी उत्तरदायी होंगे। जब भी कोई परीक्षण किया जाता है या कोई सेवा ली जाती है अथवा खराबी आती है तो कार्यपंजी (लॉग बुक) में प्रविष्टियां करने के लिए भी संकाय जिम्मेदार होंगे। वे नोडल अधिकारी, सीआईएफ को मासिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेंगे।

गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय की आंतरिक राजस्व सृजन समिति (आईआरजी) का गठन

आईआरजी व्यय के लिए दिशानिर्देश तैयार करने हेतु निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति गठित की गई है: -

क्रम सं.	नाम एवं पद	टिप्पणी
1.	प्रो. संजय कुमार झा, अधिष्ठाता, एसएनएसएस	अध्यक्ष
2.	प्रो. मनीष, अधिष्ठाता, एसआईएस	सदस्य
3.	डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय, कुलसचिव	सदस्य
4.	श्री जयप्रकाश सोनी, उप कुलसचिव (प्रशासन)	सदस्य

वित्त एवं लेखा विभाग समिति का सहयोग करेगा। समिति से अनुरोध है कि यह ध्यान में रखते हुए कि आईआरजी भी आवर्ती अनुदान का एक भाग है, जीएफआर-2017 के अनुसार एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

विश्वविद्यालय भवन समिति का पुनर्गठन

उपरोक्त संदर्भ 4 के तहत उल्लिखित अधिसूचना में आंशिक संशोधन और माननीय कुलपति द्वारा अनुमोदन के रूप में, **विश्वविद्यालय भवन समिति** का पुनर्गठन किया गया है। अब विश्वविद्यालय भवन समिति का गठन तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निम्नानुसार रहेगा:-

5.5 विश्वविद्यालय भवन समिति की संरचना

1.	कुलपति – अध्यक्ष	प्रो. रमा शंकर दुबे
2.	विश्वविद्यालय की योजना परिषद् के एक प्रतिनिधि	मनोनीत किया जाना है
3.	उपयोगकर्ता विभाग से एक प्रतिनिधि	उपयोगकर्ता विभाग से एक प्रतिनिधि जब भी आवश्यकता हो
4.	कुलपति द्वारा नामित विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर	प्रो. मान सिंह, अधिष्ठाता, एससीएस प्रो. संजय के. झा, अधिष्ठाता, एसआईएस
5.	विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी	वित्त अधिकारी
